



www.gurgaontoday.in

# गुड़गांव टुडे

हर खबर जरूरी है...

वर्ष 11, अंक 46, पृष्ठ 8, गुरुवार, 16 फरवरी, 2023

facebook https://www.facebook.com/GurgaonToday/ मूल्य ₹ 2




किसी को क्या पता दिल का हर इक अरमान टूटा है
जो रिश्ता ख़ास था बनकर बहुत आसान टूटा है
किसी की बेखुदी इससे बड़ी कुछ और क्या होगी
मेरा दिल टूटा वो समझा कोई गुलदान टूटा है

-दिनेश रघुवंशी सुप्रसिद्ध कवि साहित्य संपादक, गुड़गांव टुडे

## 1857 की क्रांति के मुख्य सूत्रधार थे महर्षि दयानंद : सीएम

**गुड़गांव टुडे, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भारत को आजाद करवाने में महर्षि दयानंद सरस्वती व उनके द्वारा स्थापित आर्य समाज की विचारधारा का अहम योगदान रहा है। आर्य समाज की विचारधारा ने असंख्य लोगों को आजादी के लिए प्रेरित किया जिसकी बदौलत देश को आजादी मिली।

मुख्यमंत्री ने यह विचार आज रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित महर्षि दयानंद की 200वीं जयंती समारोह में बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए व्यक्त किये। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, सांसद अरविंद शर्मा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह सहित अन्य गणमान्य



अतिथियों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

उन्होंने महर्षि दयानंद सरस्वती को नमन करते हुए कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर राष्ट्र की मजबूती के लिए काम करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसलिए हर व्यक्ति को जाति-पाति, छुआछूत इत्यादि सामाजिक बुराइयों को खत्म करने का प्रयास करना चाहिए और बच्चों को शिक्षा दिलाकर उन्हें आगे बढ़ाने का सतत प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद 1857 की क्रांति के मुख्य सूत्रधार थे, उनकी राष्ट्रवादी विचारधारा से राम प्रसाद बिसमील, सरदार भगत सिंह सरीखे अनेक देशभक्त प्रभावित होकर आर्य समाज से जुड़े, जिन्होंने बाद में उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए देश को आजाद करवाने का काम किया। उन्होंने कहा कि अगर महर्षि दयानंद सरस्वती नहीं होते तो देश को इतनी जल्दी आजादी कभी नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी महर्षि दयानंद सरस्वती के दिखाये मार्गदर्शन पर चलकर सबका साथ-सबका विकास के सिद्धांत पर काम कर रही है, ताकि हर गरीब से गरीब व्यक्ति की उन्नति हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिला शिक्षा को बढ़ावा देने तथा उनके सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। वर्तमान सरकार बनने के बाद प्रदेश में 72 महाविद्यालय स्थापित किये गए हैं, जिनमें 31 महिला महाविद्यालय हैं। पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया गया है। इसी प्रकार से हरियाणा पुलिस में महिला पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ाई जा रही है। पहले महिला पुलिस कर्मियों की संख्या मात्र 6 प्रतिशत होती थी, जो बढ़कर 9 प्रतिशत की गई और अब इसको बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया जायेगा।

मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा प्रदेश युवाओं का प्रदेश है। इसमें 65 प्रतिशत आबादी युवाओं की है। इस आबादी को रोजगार, स्वरोजगार का प्रशिक्षण देकर देश व प्रदेश के विकास की धारा में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 तक नई शिक्षा नीति को भी प्रदेश में पूरी तरह लागू कर दिया जायेगा। जयंती समारोह में मुख्यमंत्री ने युवा भारत-युवा बोध पुस्तिका का विमोचन भी किया। उन्होंने कहा कि इस पुस्तिका में देश व प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए 7 बिन्दु वर्णित किये गए हैं। इन सभी बिन्दुओं पर काम करने के लिए आगामी 2 वर्ष विशेष अभियान चलाया जायेगा।

## फरीदाबाद, गुरुग्राम में लगाए जाएंगे इलेक्ट्रॉनिक एनफोर्समेंट उपकरण

**गुड़गांव टुडे, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि राज्य सरकार ने फरीदाबाद जिले में राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों और महत्वपूर्ण जंक्शनों पर उच्च जोखिम और हाई डेंसटी वाले कॉरिडोर पर इलेक्ट्रॉनिक एन्फोर्समेंट उपकरणों को लगाने का निर्णय लिया है। इसी प्रकार, राज्य सरकार ने इन उपकरणों को गुरुग्राम में भी लगाने का फैसला किया है।

मुख्य सचिव ने आज यहां सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार मोटर वाहन अधिनियम की धारा 136ए के प्रावधान को लागू करने के लिए तौर-तरीके स्थापित करने के संबंध में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ऐसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की आवश्यकता का आंकलन करने के लिए विभिन्न विशेषज्ञों को नियुक्त करें। ये विशेषज्ञ राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं की निगरानी और जांच करने के लिए स्पीड कैमरा, क्लोज सर्किट टेलीविजन कैमरा, स्पीड गन, बॉडी वियरेबल कैमरा, डैशबोर्ड कैमरा, स्वचालित नंबर प्लेट पहचान और मशीन में वजन के माध्यम से आंकलन करेंगे । उन्होंने बताया कि ये विशेषज्ञ राज्य के विभिन्न विभागों को उन जंक्शनों की पहचान करने में सहायता भी करेंगे जहां वाहनों की तेज गति और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की संभावना है। मुख्य सचिव ने सभी हितधारक विभागों को प्रक्रिया पूरी करने के लिए 7 मार्च, 2023 तक समय दिया है और अपने-अपने विभागों की रिपोर्ट आगामी 14 मार्च, 2023 तक परिवहन आयुक्त को भेजने के निर्देश भी दिये। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक एन्फोर्समेंट उपकरणों को इस तरह से लगाया जाना चाहिए ताकि यातायात प्रवाह में कोई बाधा, दृष्टि की समस्या या बाधा उत्पन्न न हो।

बैठक में कौशल को अवगत कराया गया कि नियम 167 के तहत सभी चालान इलेक्ट्रॉनिक निगरानी के माध्यम से ऑटो-जेनरेशन चालान का उपयोग करके इलेक्ट्रॉनिक रूप में जारी किए जाने चाहिए। इसके अलावा, बारिश, ओलावृष्टि, कोहरे के मौसम जैसी प्रतिकूल मौसम की स्थिति के साथ-साथ मार्ग में आगे किसी बाधा को इंगित करने के लिए सड़क खंडों पर गति सीमा को सूचित करने के लिए निश्चित और गतिशील गति सीमा संकेतों का भी उपयोग किया जाना चाहिए।

## दयानंद ने वैदिक संस्कृति के पुनरूत्थान के लिए अभियान किया शुरू

**गुड़गांव टुडे, चंडीगढ़**



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बुधवार को राजभवन में महर्षि दयानंद सरस्वती जी के द्वितीय जन्म शताब्दी वर्ष के शुभांरभ अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि महर्षि दयानंद जी ऐसे युग पुरुष थे, जिन्होंने वैदिक संस्कृति के पुनरूत्थान के लिए जन जागरण अभियान शुरू किया। राज भवन में आयोजित इस पुष्पांजलि सभा के दौरान राज्यपाल ने कहा कि महर्षि दयानंद ने इस वैदिक सांस्कृतिक पुनरुत्थान को स्वराज्य और आजादी की भावना से जोड़ दिया। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के पश्चात अंग्रेजों ने स्वाधीनता के आंदोलन को दबाने की पूरी कोशिश की परंतु महर्षि दयानंद ने इस स्वाधीनता आंदोलन को राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक कुरीति उन्मूलन, स्त्री शिक्षा को प्रोत्साहन, सामाजिक समरसता के लिए काम कर समाज सुधार की नई क्रान्ति का सूत्रपात किया। उन्होनें कहा कि महर्षि दयानंद ने भारतीयों में स्वदेशी, स्वराज्य तथा आजादी की भावना को सुदृढ़ किया। महर्षि दयानंद ने भारतीय समाज में फैली कुरीतियों, जातिवाद, छुआछुत, लैंगिक विषमता का जमकर विरोध किया। उन्होंने जन मानस को बताया कि यह कुरीतियां भारतीय वैदिक सांस्कृतिक के विकार के तौर पर उभरी और इन कुरीतियों को जड़ से मिटा देना चाहिए।

## पंजाब में परीक्षा, हरियाणा में हल!

### केवि की ऑनलाइन टीजीटी परीक्षा : पानीपत में पेपर सॉल्वर गैंग का भंडाफोड़, 5 मुन्नाभाई गिरफ्तार

**गुड़गांव टुडे, पानीपत।** हरियाणा के पानीपत जिले में पुलिस ने केंद्रीय विद्यालय (केवि) टीजीटी भर्ती के लिये हो रही ऑनलाइन परीक्षा में पेपर हल (सॉल्व) कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने समालखा से 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। एग्जाम पंजाब के अमृतसर की एक कंप्यूटर लैब में हो रहा था, जबकि ये लोग समालखा के एक होटल से पेपर हल करके परीक्षार्थियों को भेज रहे थे। इनमें से तीन आरोपी हिसार के, एक भिवानी और एक पंजाब (अमृतसर) का है। इन्हें तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने मौके से 17 लेपटॉप, 6 मोबाइल सहित अन्य सामान भी बरामद किया है।




पानीपत के पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बुधवार को यहां प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन की टीजीटी की ऑनलाइन परीक्षा चल रही है। समालखा में एक होटल के कमरे में पांच युवक एप के जरिये पेपर हल करके परीक्षार्थियों को भेज रहे थे। आरोपियों से बरामद लेपटॉप और मोबाइल को फोरेंसिक लैब भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि यह एक बड़ा गिरोह है। पूछताछ में गिरफ्तार लोगों ने केंद्र सरकार की कुछ और परीक्षाओं में नकल कराने की बात मानी है। गिरोह का मास्टर माइंड हिसार के खांडा खेड़ी का कपिल है, जो रेलवे में जींद में कार्यरत है। वह 2020 में पीटीआई की परीक्षा में नकल कराने के मामले में पहले भी गिरफ्तार हो चुका है। उस पर हिसार में मुकदमा दर्ज है। पेपर हल करने वालों में दो हिसार के और एक भिवानी का है। ये प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। कपिल का एक साथी फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। गिरफ्तार किये अन्य आरोपियों में मनबीर थींग सुजन सिंह अमृतसर, हरीकेश उमरा (हिसार), आनंद सिवानी (भिवानी) और प्रदीप चुल्ली कलां (हिसार) शामिल हैं। इनके खिलाफ समालखा थाने में केस दर्ज किया गया है।

**10 से 12 लाख रुपये में तय करते थे सौदा**

एसपी ने बताया कि कपिल ही पेपर हल करने वालों को लाता था और उम्मीदवारों का चयन कर पैसों का लेन-देन करता था। वह परीक्षा पास करवाने के लिये 10 से 12 लाख रुपये में सौदा करता था। मनबीर पंजाब में लैब का काम देखता था। पुलिस को मंगलवार को प्रथम पारी की परीक्षा में पेपर हल करने की सूचना मिली थी।

दूसरी शिफ्ट में छापा मारकर इन्हें गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सुबह की पारी में चार पेपर हल कर मनबीर व कपिल को दिये थे। गिरोह में बाकी के सदस्यों को जल्द गिरफ्तार करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि मामले में लैब ऑपरेटरों के शामिल होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस ने मौके से 17 लेपटॉप, 6 मोबाइल, 10 चार्जर, 2 माउस, मोबाइल चार्जर, बिजली का एक्टसटेंशन बोर्ड और एक सफारी गाड़ी बरामद की है।

## बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ रोजगार सृजन

**गुड़गांव टुडे, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्ष 2023-24 के बजट में कौशल विकास, रोजगार सृजन और युवा सशक्तिकरण पर विशेष फोकस दिया जाएगा। वर्ष 2023-24 का राज्य का बजट पूर्ण रूप से एक संतुलित और समावेशी बजट होगा। बजट में इन्फ्रास्ट्क्रर के साथ- साथ शिक्षा, रोजगार सृजन, सामाजिक कल्याण सहित सभी क्षेत्रों का संतुलन होगा।

मुख्यमंत्री आज हरियाणा निवास में विदेश सहयोग विभाग, कौशल प्रशिक्षण, रोजगार एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभागों के प्रशासनिक सचिवों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में इन क्षेत्रों से जुड़े हितधारकों और विभिन्न उद्यमियों ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारतीय अर्थव्यवस्था को सन 2024 तक पांच ट्रिलियन डॉलर बनाने के विज़न को प्राप्त करने में हरियाणा अपना पूरा योगदान देगा। एक छोटा सा प्रदेश होने के बावजूद भी राज्य का बहुत बड़ा बजट होता है। बजट का अधिक हिस्सा पूंजीगत निवेश पर खर्च किया जा रहा है।

**उद्योग युवाओं को स्किल्ड बनाने में दें सहयोग**

मनोहर लाल ने कहा कि आज के समय में कौशल प्रशिक्षण एक बहुत बड़ा विषय है। हर क्षेत्र में हुनरमंद की आवश्यकता बढ़ती जा रही है। इसलिए सरकार भी स्किलिंग पर विशेष ध्यान दे रही है। उद्योगों को भी युवाओं को स्किल्ड बनाने में अधिक से अधिक सहयोग करना होगा।

**विदेशों से जोड़ने के लिए की कई पहल**

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार अवसर मुहैया करवाने के लिए राज्य सरकार ने हरियाणा ओवरसीज सेल और हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल बनाया गया है।

## गृह मंत्री विज ने इंस्पेक्टर की बाजू पर लगाया राष्ट्रपति कलर बैच



**गुड़गांव टुडे, चंडीगढ़**

हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने बुधवार हरियाणा पुलिस के इंस्पेक्टर नरेश कुमार की बाजू पर राष्ट्रति कलर अवार्ड का बैच लगाकर हरियाणा पुलिस में इसकी शुरूआत करते हुए कहा कि हमारी पुलिस काम करने में सर्वश्रेष्ठ है और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हरियाणा पुलिस को 'धाकड़' की उपाधि से नवाज कर गए हैं।

विज बुधवार को अम्बाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए लगाए गए जनता दरबार के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान अंबाला छावनी थाने के इंस्पेक्टर नरेश कुमार की बाजू पर उन्होंने स्वयं राष्ट्रीय कलर बैच को लगाया और तालियां बजाकर खुशी का इजहार किया।

**नरेश कुमार की बाजू पर लगाकर की शुरूआत**

उन्होंने कहा हरियाणा देश का दसवां प्रदेश है जिसे राष्ट्रपति फ्लैग मिला है और पिछले 25 वर्ष का रिकार्ड देखने के बाद ही राष्ट्रपति फ्लैग मिलता है जोकि गर्व की बात है। अब एक सिपाही से लेकर डीजीपी ने यह कलर बैच लगा सकता है और इसी कड़ी में आज अम्बाला छावनी में इंस्पेक्टर नरेश कुमार की बाजू पर इसे लगाकर इसकी शुरूआत की गई है।

**अमित शाह द्वारा हरियाणा पुलिस को राष्ट्रीय कलर अवार्ड से अलंकृत किया**

गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा पुलिस तारीफ के काबिल है क्योंकि उसे राष्ट्रपति कलर फ्लैग गत दिनों केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा प्रदान किया गया है। गौरतलब है कि मंगलवार को मधुबन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा हरियाणा पुलिस को राष्ट्रीय कलर अवार्ड से अलंकृत किया गया था।

**कांग्रेस बजट सत्र में तैयारी करके आए, हमारे पर सारी बातों के जवाब : गृह मंत्री**

गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि कांग्रेस आगामी बजट सत्र में तैयारी करके आए और वह बिना तैयारी किए जा जाते हैं, मेरा उनसे यह कहना है कि पूरी तरह तैयारी करके आए, हमारे पास उनकी सारी बातों के जवाब है। गौरतलब है कि कांग्रेस द्वारा सरकार के विभिन्न मुद्दों को लेकर आगामी बजट सत्र में घेरने संबंधी बयान दिया गया था जिस पर मंत्री अनिल विज ने पलटवार किया।

## विकसित राज्यों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा है हरियाणा

**चण्डीगढ़।** हरियाणा के उच्च शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि वर्तमान में भारत पूरे विश्व में युवा देश है तथा विश्व में शिक्षा, व्यापारिक एवं राजनैतिक सहित उच्च पदों पर भारतीय आसीन हैं । कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता तथा युवाओं में कौशल विकसित करके ही राष्ट्र को आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। मूलचंद शर्मा बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आईआईएचएस के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 'इंडिया, 2.0, विजन फॉर इंडिया 2047: चुनौतियां और संभावनाएं' विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे।

## महाशिवरात्रि पर मेले की तैयारियों को लेकर ज्ञानचंद गुप्ता ने की बैठक

**गुड़गांव टुडे, चंडीगढ़।** महाशिवरात्रि के पर्व पर भगवान शिव के प्राचीन धाम निकटवर्ती गांव सकेतड़ी और सेक्टर 9 स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भव्य मेलों के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंधकों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने बुधवार को विधान सभा सचिवालय में बैठक कर इन तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने शिवभक्तों से अपील की कि वे इस पावन अवसर पर भांग इत्यादि का नशों का सेवन न करें। उन्होंने कहा कि इस बार शिवरात्रि के अवसर पर भांग का सेवन करने व करवाने पर पूरी तरह से पाबंदी



रहेगी। यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होने के साथ-साथ धार्मिक पर्वों पर अव्यवस्था का कारण भी बन जाती है। बैठक में मेयर कुलभूषण गोयल, जिला उपायुक्त महावीर कौशिक, एचएसवीपी प्रशासक धर्मवीर सिंह, पुलिस उपायुक्त सुमेर प्रताप सिंह समेत अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में विधान सभा ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि सकेतड़ी और सेक्टर-9 के मंदिरों का ऐतिहासिक और विशेष धार्मिक महत्व होने के कारण यहां हर बार शिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले किसी भी श्रद्धालु को परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए विशेष ख्याल रखना होगा। उन्होंने सकेतड़ी गांव से शिव मंदिर तक जाने वाली सड़क पर विशेष संज्ञान लिया। इस पर एक्सईएन एनके पायल ने कहा कि वीरवार शाम तक इस सड़क की मरम्मत कर दी जाएगी। वहीं शिव मंदिर नव दुर्गा चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान केडी शर्मा ने कहा कि शिवरात्रि पर शिव बाबा के दर्शन के लिए अनेक प्रदेशों से लोग संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शुक्रवार रात 12 बजे से मंदिर में जलाभिषेक शुरू हो जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए 300 क्विंटल दूध की बुकिंग करवा दी गई है। यह दूध वीटा से लिया जाएगा। इस दौरान वार्ड-1 के पार्षद नरेंद्र लुबाना ने कहा कि मेला परिसर से अतिक्रमण हटाकर एम्बुलेंस के जाने के लिए रास्ते रखने होंगे। उन्होंने अनाउंसमेंट की व्यवस्था को भी प्रभावी बनाने के सुझाव दिए।

विधान सभा अध्यक्ष के निर्देश के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने सकेतड़ी पहुंच एक-एक व्यवस्था का मुआयना किया। विस अध्यक्ष ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी और मंदिर प्रबंधक दो दिन मंदिर की सेवा भावना से जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों और प्रबंधकों के लिए परिचय पत्र उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम की संयुक्त आयुक्त डॉ. ऋचा राठी, एसीपी सुरेंद्र सिंह यादव, ममता सोढ़ा, राजकुमार कौशिक, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता गौरव जैन, शिव मंदिर नव दुर्गा चैरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक चंद्र मोहन शर्मा भी उपस्थित रहे।

## डायल 112 की तर्ज पर आरंभ होगी पशु उपचार एंबुलेंस सेवा

**गुड़गांव टुडे, चण्डीगढ़**

हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जे.पी. दलाल ने कहा कि प्रदेश की डायल 112 योजना की तर्ज पर जल्द ही पशु उपचार एंबुलेंस सेवा आरंभ की जाएगी। पशुपालन व्यवसाय में जोखिम को कम करने के लिए आरंभ की जाने वाली पशु उपचार एंबुलेंस सेवा केंद्रीकृत होगी, जिसके लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा। दलाल ने यह जानकारी आकाशवाणी हिसार द्वारा आयोजित रेडियो किसान दिवस कार्यक्रम के अवसर पर दी।

पशुपालन एवं डेयरी मंत्री ने कहा कि पशु उपचार एंबुलेंस सेवा के लिए शुरुआत में 200 एंबुलेंस तैनात की जाएगी, जिनमें पशु चिक्तिसक व स्टॉफ के साथ-साथ जरूरी दवाएं उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि पशुपालक द्वारा हेल्पलाइन पर उपचार एंबुलेंस सेवा की मांग करने पर उसके नजदीकी स्थान की एंबुलेंस को मैसेज भेजा जाएगा। इस योजना के तहत पशुपालक तक एंबुलेंस के पहुंचने में लगने वाले समय, उपचार गुणवत्ता तथा पशुपालक की फीडबैक आदि की मॉनिटरिंग भी की जाएगी।

दलाल ने इस अवसर पर प्रदेशभर के प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जैविक खेती को लेकर प्रगतिशील किसानों ने अलग पहचान बनाकर दूसरों के लिए भी उदाहरण प्रस्तुत किया है। फसलों में ज्यादा कीटनाशकों के प्रयोग से मनुष्य की सेहत को भारी नुकसान पहुंच रहा है। ऐसे में जैविक खेती कमाई के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी बेहतर रहती है। जहर मुक्त खेती करने के लिए कृषि विभाग द्वारा किसानों को लगातार प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे सब्जी, फल, फूल, बागवानी उत्पादन, पशुपालन व मछली पालन जैसे व्यवसायों को अपनाएं, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। ऐसी फसलों पर सरकार द्वारा अनुदान भी दिया जा रहा है। इस अवसर पर आकाशवाणी हिसार के प्रमुख पवन कुमार ने किसानों के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी।






## संक्षिप्त समाचार

### मेले की समाप्ति तक बीस लाख से अधिक होगा फुटफाल : अरविंद यादव



गुड़गांव टुडे/भगवत दयाल

**सूरजकुंड।** हरियाणा पर्यटन निगम के चेयरमैन अरविंद यादव ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार यहां की कला एवं संस्कृति को पूरी दुनिया में मशहूर करने में लगी हुई है। यह भारत की साख का ही नतीजा है कि सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले की समाप्ति तक बीस लाख से भी अधिक फुटफाल होगा। श्री यादव आज अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग तथा पर्यटन विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में छोटी चौपाल पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। चेयरमैन ने कहा कि यह हरियाणा के लिए गौरवान्वित करने का पल है। हम अपनी हस्त कला, संस्कृति, पहनावा तथा खान-पान को पूरे विश्व में फैला रहे हैं। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि का परिणाम है। हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य में लगातार पर्यटन को बढ़ावा देने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य की ओर पूरा विश्व बढ़ रहा है। इसकी अगवानी हिंदुस्तान कर रहा है। इस तरह के मेले में हमें एक-दूसरे की संस्कृति तथा पहनावे से रूबरू होने का मौका मिलता है। कला एवं संस्कृति ही विश्व में शांति और भाईचारा स्थापित करने का जरिया होता है। यह हमें एक-दूसरे के नजदीक लाती है। हिंदुस्तान आज पूरे विश्व को एक करने में लगा हुआ है। इस कार्यक्रम के दौरान रेणु हुड्डा, सुमन डांगी के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### बासिद अली ने कला को बनाया रोजगार का जरिया

**सूरजकुंड।** कहते हैं किसी के हाथों में अगर कोई कला हो तो रोजगार के अवसर अपने आप खुलते जाते हैं। इसी कला के दम पर असम के बासिद अली अपने गांव के सैकड़ों लोगों को रोजगार मुहैया करवा रहे हैं। मेले में स्टॉल नंबर-425 पर बैंत, बांस व जूट से बने उत्पाद बेहतरीन हस्त कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस पुस्तैनी काम को बाशिद अली तीन दशक से कर रहे हैं। वर्ष 2012 में उन्होंने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम से लोन लेकर अपने कार्य को लघु उद्योग का रूप दिया तो अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर खुल गए। अब उनके बनाए उत्पाद देश-विदेश में मशहूर हैं। वे अपने समूह मैं बास्केट, मुडा, कुर्सी, गमला, ट्रे, बैग, टी स्टैंड व हैंगिंग लैंप आदि कई ऐसे उत्पाद बनवाते हैं, जिनकी बाजार में अच्छी खासी डिमांड है। उन्होंने बताया कि उनके पिता सदर अली भी इसी कला में माहिर थे। यह हमारा पुश्तैनी कार्य है। आधुनिक दौर में मशीनों से टक्कर लेना आसान नहीं था। ऐसे में अपनी कला को आधुनिक दौर के हिसाब से निकालते हुए उसमें कुछ बदलाव किए।

# सूरजकुंड मेले में देखने को मिली एकजुटता की झलक

## सतयुग दर्शन ट्रस्ट के मानवता संदेश की श्रृंखला के साथ जुड़ने में लगी है होड़







गुड़गांव टुडे/भगवत दयाल

**चंडीगढ़/फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के दिशानिर्देश अनुसार विगत 8 वर्षों में फरीदाबाद के सूरजकुंड में लगने वाले अंतर्राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला हर वर्ष देश विदेश के दस्तकारों व कलाकारों को एक तरफ जहां हुनर दिखाने का मंच प्रदान करता है तो वहीं दूसरी ओर आगंतुकों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने मेले के लिए तीन वीकेंड किये हैं जो पहले आमतौर पर दो ही होते थे। पिछले शनिवार व रविवार को आगंतुकों की संख्या 4 लाख को पार कर गई जो अब तक का एक बड़ा रिकॉर्ड है। स्कूली बच्चों से लेकर वयोवृद्ध जन में भी मेला देखने का जुनून देखने को मिल रहा है। सतयुग दर्शन ट्रस्ट, फरीदाबाद ने सदभावना का संदेश देने के लिए पहल की है। मेला परिसर में जगह-जगह 'हम सब एक हैं' नाटक से मानव श्रृंखला बनाकर आगंतुकों को जोड़ रहे हैं और लोगों में भी इस श्रृंखला से जुड़ने की होड़ लगी है। भारतीय राज्यों के साथ संघाई देशों के कलाकारों द्वारा सांय हर रोज मेले में निकाले जाना वाला कार्निवल व बड़ी चौपाल पर सांस्कृतिक संध्या दर्शकों का आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मेले के दौरान फरीदाबाद हर वर्ष वैश्विक रूप धारण करता है। मेले में हर वर्ष कोई न कोई देश व राज्य थीम देश व राज्य होते हैं जो अपनी पहचान स्थाई रूप से सूरजकुंड मेले में छोड़कर जाते हैं और उन देशों व राज्यों से आने वाले आगंतुक उस स्थल पर जाकर अपनी यादगार अपने कैमरे में कैद करते हैं।

### मुख्यमंत्री की पहल वीकेंड तीन दिन किया जाए

● मुख्यमंत्री ने कोरोना काल के दौरान सूरजकुंड मेला का आयोजन न किये जाने के कारण इस वर्ष मेले की अवधि को इस प्रकार चुनने के निर्देश दिए कि लोगों को कम से कम तीन वीकेंड मिलें। आखिरी वीकेंड 18 फरवरी (शनिवार) को महाशिवरात्रि के दिन मेले में पर्यटकों की संख्या में और इजाफा देखने को मिलेगा वहीं 19 फरवरी (रविवार) को अंतिम दिन मेले में हर कोई अपनी हाजिरी लगाने को आतुर दिखेगा। 15 फरवरी (बुधवार) को सतयुग दर्शन ट्रस्ट, फरीदाबाद द्वारा स्टॉल नं. 641 पर @Dhyan- Kaksh मेगा इवेंट का आयोजन किया गया जिसमें आगंतुकों की भीड़ देखने को मिली। इवेंट का उद्देश्य मानवता का संदेश देना है जिसमें न कोई हिंदू, न मुस्लिम, न सिख, न ईसाई बल्कि हम सब एक हैं। ट्रस्ट से जुड़ी सुश्री ईशा के अनुसार मानवता का संदेश देना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर भविष्य के नागरिक तैयार करने के लिए इंटरनेशनल ओलंपियाड जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है और फरीदाबाद के लोग हर वर्ष बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम से जुड़ते हैं।मुख्य चौपाल में भी 'आज हम सब एक हैं' नाटक की प्रस्तुति दी गई।

## मंत्री मूलचंद शर्मा से ब्रांपटन कनाडा के डिप्टी ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर हरदीप सिंह ग्रेवाल ने शिष्टाचार मुलाकात की



गुड़गांव टुडे/भगवत दयाल

**चंडीगढ़/फरीदाबाद।** हरियाणा के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा से ब्रांपटन कनाडा के डिप्टी ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर श्री हरदीप सिंह ग्रेवाल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उनके साथ ट्रांटो ब्रैडफोर्ड कनाडा के डिप्टी मेयर श्री राज सिंधु और करनाल से स्वामी श्री संपूणार्नंद सरस्वती जी मौजूद रहे। कनाडा में श्री हरदीप सिंह ग्रेवाल मात्र 27 साल की उम्र में ही डिप्टी ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर बने हैं जो की पंजाब के लुधियाना से संबंध रखते है। प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कनाडा से आए सभी अतिथियों का शॉल भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने स्वामी श्री संपूणार्नंद सरस्वती जी का भी सम्मान किया। इस अवसर पर परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कनाडा के डिप्टी ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर श्री हरदीप सिंह ग्रेवाल से परिवहन व्यवस्था के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा की उन्हे काफी खुशी है की भारत देश के युवा विदेशो में बिजनेश ,खेल,पढ़ाई और राजनीति में अपने भारत देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

## आप पार्टी जिला फरीदाबाद की टीम ने किया डॉक्टर्स प्लाजा आरोग्य क्लीनिक का उद्घाटन

गुड़गांव टुडे/भगवत दयाल




**फरीदाबाद।** बुधवार को आप पार्टी जिला फरीदाबाद की टीम ने नीलम-बाटा रोड स्थित डॉक्टर्स प्लाजा आरोग्य क्लीनिक का उद्घाटन किया। इस मौके पर आप नेता धर्मवीर भड़ाना, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र शर्मा, ओल्ड विधानसभा प्रभारी प्रवेश मेहता, हरियाणा प्रदेश प्रवक्ता राकेश भड़ाना, बडकल विधानसभा पूर्व अध्यक्ष तेजवंत सिंह बिट्टू, वार्ड नंबर 9 से भावी प्रत्याशी मेहर चंद हरसाना, देवराज गॉड, सुभाष बघेल, राम गौर एवं डॉ. टीम से डॉ विभोर गुप्ता दंत चिकित्सक, डॉ ऋतु फिजियोथैरेपिस्ट एवं अजय सिंह उपस्थित रहे। डॉ विभोर गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोग्य क्लीनिक में लगभग सभी प्रकार की बिमारीयों का इलाज किया जाएगा। हमारें यहां पर लगभग 8 डॉक्टर्स की टीम हैं जो लगातार लोगो की सेवा के लिए तत्पर रहेंगी। उन्होंने बताया कि आरोग्य क्लीनिक में परार्मश के साथ-साथ सजरी कि लिए एक ओ.टी. भी बनाई गई हैं, जिससे इलाज समय पर किया जा सके और लोगो को सतुष्टि किया जाए। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के नेता धर्मबीर भड़ाना ने बधाई देते हुए कहा कि डॉ. विभोर द्वारा आरोग्य क्लीनिक खोल कर बहुत उत्तम पहल की गई हैं इससे लोगो को सही और सफल इलाज प्राप्त होगा। डा. विभोर जयपुर से यहां फरीदाबाद में आए और उन्होंने यहां क्लीनिक खोल कर लोगो की सेवा करने का जो निर्णय लिया हैं यह बहुत ही सरहानिय कदम हैं आज हमारी समस्त जिला फरीदबाद की टीम उन्हें शुभकामनाएं देने पहुंची हैं और हम यही कामना करते हैं की डॉ. विभोर इसी प्रकार तरक्की करतें रहें और लोगो की सेवा करने में योगदान देते रहें।

## दुकान में चोरी करने वाले 2 आरोपियों को क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम ने किया गिरफ्तार

गुड़गांव टुडे/भगवत दयाल




**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम श्री मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम ने दुकान में चोरी करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में शाहनवाज और कुश का नाम शामिल है। आरोपी शाहनवाज मूल रुप से उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के गांव शाह्झामाल वर्तमान में राजीव कॉलोनी बल्लबगढ़ में, आरोपी कुश उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के गांव अतोली का तथा वर्तमान में बल्लबगढ की बालाजी कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियों को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से बल्लबगढ़ चुंगी नम्बर-5 उंचा गांव से थाना शहर बल्लबगढ के दुकान में चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दोनों आरोपियो ने एक दुकान से 30000/-रु चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी शहनवाज से 5000/-रु केश तथा आरोपी कुश से भी 5000/-रु केश बरामद हुए है। आरोपी शाहनवाज से पूछताछ में एक ऑटो में जेब काटने का मामला सामने आया जिसमें आरोपी ने जेब काटी थी। जिसमें आरोपी से 3000/-रु नगद बरामद हुए है। पूछताछ के बाद आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## नेकी कर दरिया में डाल की भावना से की गई सेवा ही सच्ची समाज सेवा

गुड़गांव टुडे/भगवत दयाल

**फरीदाबाद।** सभी धर्म ग्रंथों में लिखा गया है कि बड़े पुण्य कर्मों से मानव जीवन मिलता है। वे लोग बड़े भाग्यशाली होते हैं जो ईश्वर द्वारा बनाई गई इस महान कृति यानी मानव जीवन का सदुपयोग करते हैं,अपने और अपने परिवार की सहायता करने के साथ-साथ निस्वार्थ भाव से समाज के जरूरतमंद भाई बहनों की भी हर संभव सहायता करते हैं। सहायता केवल रुपए पैसों से ही नहीं होती हैं, बल्कि कभी-कभी, आपका साथ,आपका एक प्यार भरा स्पर्श और कुछ तसल्ली भरे शब्दों से ही किसी की मदद हो जाती है। आप मुसीबत से घिरे किसी इंसान की आर्थिक मदद नहीं कर पा रहे हैं, तो भी आपका उसके साथ बने रहना भी उसके लिए काफी हो सकता है। हर जरुरतमंद इंसान की सहायता करना निश्चित ही हमारे बस में नहीं होता है,पर जितना हमारे हाथ में है,उतना तो हम कर ही सकते हैं। किसी की सेवा करने पर हमेशा ईश्वर का धन्यवाद करें कि उसने हमें किसी की सहायता करने लायक बनाया है। हमारे अंदर सेवा और सहायता करने का जज्बा हमेशा कायम रहना चाहिए। एक बात हमेशा ध्यान में रखनी चाहिए कि किसी की मदद करके अपने अंदर अहंकार की भावना को न पनपने दें। कोई भी सेवा व मदद करने के बदले कभी भी मान सम्मान पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए। हमेशा नेकी कर दरिया में डाल की भावना से समाजसेवा व मदद करनी चाहिए। आज देखा गया है कि पहले होता था कि "नेकी कर दरिया में डाल" अब होता है कि "नेकी कर,फोटो खींच, फेसबुक पर डाल"। ऐसी सेवा नहीं करनी चाहिए। ऐसी सेवा निस्वार्थ भाव से की गई सेवा नहीं कहलाती और ना ऐसी सेवा से कोई पुण्य मिलता है। जरूरतमंदों की सेवा सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। भगवान श्री कृष्ण ने भी गीता में कहा है कि "जो लोग मेरे बनाए हुए मानव खासकर जरूरतमंदों की हर संभव सेवा सहायता करते हैं वह मेरे सबसे प्रिय भक्त होते हैं"। दुनिया के सभी धर्मों में दान-पुण्य को प्राथमिकता दी गई है। लेकिन धर्म ग्रंथों में यह भी लिखा हुआ है कि आप किसी की मदद इस प्रकार करें जैसे वह आपका फर्ज हो। होना यह चाहिए कि दाएं हाथ से दान करें तो बाएं हाथ को भी पता नहीं चलना चाहिए कि दाएं ने क्या दिया। मन में यह बात कभी नहीं आनी चाहिए कि मैंने किसी की मदद की, दान दिया इसलिए बदले में जीते जी मान सम्मान मिले और इस दुनिया से जाने के बाद स्वर्ग मिले। इसलिए समाजसेवा करें या दान करें तो किसी को दिखाकर या ढिंढोरा पीटकर नहीं बल्कि शुद्ध मन से ही करें। कुछ लोग नाम कमाने तथा समाज में प्रतिष्ठा पाने के ख्याल से ही दान-पुण्य किया करते हैं तथा इसका फायदा कई रूपों में उठाते हैं। प्रतिष्ठा पाने के लिए दान-पुण्य करना घोर पाप है। दान-पुण्य को एक सामाजिक कर्त्तव्य मानना चाहिए। दान मनुष्य तभी करता है जब वह सामाजिक होता है परंतु सामाजिक बनने के लिए हृदय एवं आत्मा का शुद्ध होना अति आवश्यक है। दुनिया में सबसे ज्यादा खुश वही हैं जो दानी है और निस्वार्थ भाव से सभी की सेवा सहायता करते हैं। किसी लाचार की सहायता करना एक ऐसे सच्चे सुख की अनुभूति है जो किसी अन्य कार्य में नहीं मिल सकती। दान करने वाले इंसान का हृदय प्रसन्न और संतुष्ट रहता है। समाज में ऐसे ही व्यक्ति को लोगों का सम्मान,प्रेम और सहानुभूति प्राप्त होती है।अतः सभी को अपनी सामर्थ्य अनुसार निस्वार्थ भाव व नेकी कर दरिया में डाल की भावना से जरूरतमंद भाई बहनों की हर संभव सहायता जरूर करनी चाहिए। तभी इस श्रेष्ठ मानव जीवन की सफलता है। अंत में एक बात और,,,,,,,समाज सेवा में लगे दानी सज्जनों को एक बात जरूर समझनी चाहिए और करनी भी चाहिए कि अगर उनके परिवार में,रिश्तेदारी में कोई बुजुर्ग व अन्य सदस्य जैसे भाई-बहन, भतीजा भतीजी, भांजा भांजी आदि आर्थिक दृष्टि से कमजोर हैं, उन्हें मदद की बहुत जरूरत है तो "उनके बिन मांगे" सबसे पहले उनकी हर संभव मदद करनी चाहिए। बाद में समाज के अन्य जरूरतमंदों की सेवा सहायता करनी चाहिए। जो लोग ऐसा करते हैं वे वास्तव में सबसे श्रेष्ठ समाजसेवी व दानी सज्जन होते हैं।

### मुख्य चौपाल पर देशी-विदेशी कलाकारों ने दर्शकों को किया झुमने पर मजबूर

**सूरजकुंड।** 36 वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले की मुख्य चौपाल पर बुधवार को नागालैंड की राजधानी कोहिमा से आए कलाकारों ने युद्ध क्षेत्र में विजय प्राप्त होने उपरांत किए जाने वाले वोक डांस की बेहतरीन प्रस्तुति देकर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। बता दें कि सूरजकुंड मेले में मुख्य चौपाल तथा छोटी चौपाल पर दिनभर देश-विदेश से आए कलाकार अपनी-अपनी प्रस्तुतियां देकर पर्यटकों का मन मोह रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को मेले की मुख्य चौपाल पर अर्मेनिया देश से अपनी कला का प्रदर्शन करने आए कलकारों ने हाईकोजोन गीत व नृत्य की बेहतरीन पेशकश दी, जिस प्रकार भारत देश में लोहड़ी का त्यौहार मनाया जाता है, ठीक उसी प्रकार अर्मेनिया में अग्नि में मक्का इत्यादि अनाज डालकर एक साथ मिलकर खुशी के मौके पर अपने साजो-सज्जा के साथ प्रेमभाव के गीत व नृत्य कर खुशियां मनाते हैं।

## फल, फूल, हल्दी, चावल तथा कई खाद्य मसालों के रंगों से बनी पेंटिंग लुभा रही है पर्यटकों को



गुड़गांव टुडे/भगवत दयाल

**सूरजकुंड।** कहते हैं कि कुदरत के रंग सबसे न्यारे होते हैं। अगर किसी को इन्हीं कुदरती रंगों को सजाने की कला मिल जाए, तो हर चीज जीवंत हो उठती है। हैंडमेड पेपर पर प्राकृतिक रंगों की कलाकारी देखनी है तो अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले में मधुबनी की सुधा देवी के स्टॉल नंबर-556 पर चले आइए। रद्दी कागज तथा कपड़ों के घोल से बना हैंडमेड पेपर और उसके ऊपर कुदरती रंगों की कलाकारी पर्यटकों को खासी लुभा रही है। यहां पर 200 रुपए से लेकर 40 हजार रुपए तक की हैंडमेड पेपर पर बनी पेंटिंग तैयार हैं। पारंपरिक कथाओं से लेकर आधुनिक युग की कहानियों को इस तरह कैनवास तथा हैंडमेड पेपर पर उकेरा गया है कि पर्यटक अपने आप खींचे चले आ रहे हैं। सुधा देवी ने बताया कि कागज बनाने से लेकर रंग बनाने तक की प्रक्रिया बहुत मेहनत से पूरी होती है। हैंड मेड कागज बनने के बाद उसके ऊपर गाय के गोबर का लेप किया जाता है, ताकि दशकों तक उस पर कीड़े मकोड़ों का कोई असर न हो। गोबर को पहले कपड़े से छाना जाता है तथा उसके बाद कागज पर लेप लगाया जाता है।

## संगठन की रीढ़ होते है कार्यकर्ता : सरदार निशान सिंह

### ग्रामीण ही नहीं बल्कि शहरों में भी मजबूत हो रहा जजपा का संगठन : अनूप धानक

- जजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कार्यकताओं से नगर निगम चुनावों में जुट जाने का किया आह्वान
- नगर निगम चुनावों को लेकर जजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई सम्पन्न

गुड़गांव टुडे/भगवत दयाल



**फरीदाबाद।** जननायक जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह ने कहा है कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते है और कार्यकताओं की मेहनत के बदौलत ही पार्टी सत्ता तक पहुंचती है इसलिए जननायक जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठित होकर कार्य करें और संगठन को मजबूत करें। जजपा प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह एवं श्रम व रोजगार मंत्री अनूप धानक बुधवार को जजपा के, फरीदाबाद जिलाध्यक्ष राजेश भाटिया के एक नंबर स्थित निवास पर आयोजित कार्यकताओं की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक को संबोधित करते हुए जजपा प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह ने कहा कि जननायक जनता पार्टी व भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर वर्ग का उत्थान कर रही है, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने चुनावों के दौरान जनता से जो वायदे किए थे, उन्हें धीरे-धीरे कर-के पूरा किया जा रहा है और जजपा का संगठन आज न केवल ग्रामीण बल्कि शहरी क्षेत्र में भी मजबूत होता जा रहा है। उन्होंने नगर निगम चुनावों को लेकर कार्यकताओं को पूरी तैयारियों से जुट जाने का आह्वान भी किया। बैठक को संबोधित करते हुए हरियाणा के श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री अनूप सिंह धानक ने कहा कि प्रदेशस्तर पर संगठन को मजबूत करने की दिशा में पार्टी कार्य कर रही है और मेहनती व कर्मठ कार्यकताओं को पार्टी से जोडकर उन्हें पूरा मान सम्मान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में जजपा हरियाणा में नया इतिहास लिखने का कार्य करेगी। इस मौके पर जजपा के जिलाध्यक्ष राजेश भाटिया ने प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह व श्रम राज्यमंत्री अनूप धानक का फरीदाबाद आगमन पर स्वागत करते हुए कहा कि नगर निगम चुनावों को लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार है और पार्टी जिन उम्मीदवारों को चुनावी रण में उतारेगी, सभी कार्यकर्ता उनके समर्थन में हर तरह से प्रचार प्रसार करेंगे।

## जैविक विविधताओं के संरक्षण पर स्लोगन प्रतियोगिता

गुड़गांव टुडे/भगवत दयाल



**फरीदाबाद।** पर्यावरण को संतुलित करने में वन्यजीवों की अहम भूमिका होती है। वन्यजीव प्रकृति की विभिन्न प्रक्रियाओं को स्थिरता प्रदान करते हैं। वन्यजीव और प्रकृतिजैविक विविधताओं के संरक्षण काफी हद तक भावनात्मक और सामाजिक कारणों से मनुष्यों से जुड़े रहे हैं। वन्य जीवन के महत्व को पारिस्थितिक, आर्थिक और खोजी महत्व के साथ-साथ जैविक विविधताओं के संरक्षण आदि के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। सूखे, नए रेगिस्तान, आग और बाढ़ की रोकथाम के लिए वन्यजीवों का संरक्षण आवश्यक है। साथ ही, यह संरक्षण सुनिश्चित करता है कि मानव और वन्य जीवन की आने वाली पीढ़ियां प्रकृति से घिरी रहेंगी जिससे उसे प्यार हो और वन्यजीवों के महत्व को समझा जा सके। इसके अलावा, वन्यजीव रोगों के कारण कीटों के विभिन्न प्रतिरोधी उपभेदों के लिए जीन पूल के रूप में कार्य करते हैं। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के इको एंड एनर्जी कंजर्वेशन क्लब ने छात्रों को "वन्य जीवन के संरक्षण" के महत्व को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज परिसर में 15 फरवरी, 2023 को "नारा लेखन प्रतियोगिता" का आयोजन किया।इस प्रतियोगिता का विषय था "वन्यजीव संरक्षण"।यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का समन्वयन इको एंड एनर्जी कंजर्वेशन टीम, डॉ. संजीव गुप्ता (संयोजक), डॉ. रेखा सेन (समन्वयक) और सुश्री मोहिनी वर्मा (समन्वयक) द्वारा किया गया। दुनिया के पारिस्थितिक तंत्र के हिस्से के रूप में, वन्यजीव प्रकृति की प्रक्रियाओं को संतुलन और स्थिरता प्रदान करते हैं। वन्यजीव संरक्षण का लक्ष्य इन प्रजातियों के अस्तित्व को सुनिश्चित करना और लोगों को अन्य प्रजातियों के साथ स्थायी रूप से रहने के बारे में शिक्षित करना है। वन्यजीव संरक्षण प्राकृतिक आवास और खाद्य श्रृंखला को बनाए रखता है। यह सब इस तरह के आयोजन करने का मकसद था ताकि हमारे युवाओं को इसके बारे में पता चले।

# वर्ष 2022-23 के तहत मंजूर 288 कार्यों में से 161 हुए पूरे, 87 प्रगति पर

- **डीसी ने डी-प्लान के तहत वर्ष विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।**
- **विकास कार्यों को रुचि लेकर तय समय पर पूरा करें अधिकारी।**

**गुड़गांव टुडे, गुरुग्राम**

लघु सचिवालय स्थित सभागार में डी-प्लान के तहत वर्ष 2022-23 में करवाए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला योजना अधिकारी से विस्तृत प्रगति रिपोर्ट लेने के उपरान्त डीसी निशांत कुमार यादव ने विकास कार्यों के क्रियान्वयन से जुड़े संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिला में डी-प्लान के तहत करवाए जा रहे विकास कार्यों को जल्द पूरा करने के निदेज़्श दिए हैं।

डीसी ने बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से कहा कि आज की बैठक से ठीक एक महीने के भीतर सभी अधिकारी अपने अपने विभागों में जो विकास कार्य पूरे हो चुके हैं उनके बिल संबंधित विभाग के पास जमा करवाएं, ताकि निर्माणाधीन कार्य की प्रगति की समीक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि सभी विभाग लंबित विकास कार्यों को भी जल्द पूरा करवाना सुनिश्चित करे। एक माह की अवधि के बाद यदि किसी विभाग में कोई भी कार्य लंबित रहा तो संबंधित विभाग के अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सभी अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि डी प्लान के तहत विकास कार्यों के लिए मिली राशि किसी भी सूरत में लैप्स नहीं होनी चाहिए। बैठक में जिला योजना अधिकारी ने बताया कि सरकार से जिला गुरुग्राम को जिला योजना वर्ष 2022-23 के लिए कुल 23 करोड़ 89 लाख 50 हजार रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। सरकार से प्राप्त निर्देशों के अनुसार इस राशि में से 14 करोड़ 33 लाख 70 हजार रुपए की राशि सामान्य वर्ग के लिए तथा 9 करोड़ 55 लाख 80 हजार रुपए की राशि अनुसूचित जाति वर्ग के लिए स्वीकृत हुई है।

उन्होंने बताया कि जिला योजना के तहत जिला गुरुग्राम को स्वीकृत हुई राशि में से 30 प्रतिशत राशि रास्तों व नालियों के विकास कार्यों पर खर्च की जानी है। वहीं 70 प्रतिशत राशि शिक्षा, स्वास्थ्य, सामुदायिक भवन, जलापूर्ति व सिंचाई, खेल सुविधाओं, आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण व अन्य सामाजिक विकास कार्यों में खर्च की जानी है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त राशि विभिन्न खंडों व नगरपालिकाओं में जनसंख्या के आधार पर वितरित की जाएगी। इस दौरान उन्होंने 2022-23 के विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि जिला में डी प्लान के तहत 288 विकास कार्य मंजूर हुए हैं, जिसमें से 161 विकास कार्य पूरे हो चुके हैं व 87 पर अभी विकास कार्य प्रगति पर है।

# सोहना तावडू रोड के निर्माण को लेकर की पूजा अर्चना

- **विधायक कंवर संजय सिंह ने रोड निर्माण को लेकर फोड़ा नारियल।**
- **कहा 23 करोड़ की लागत से सोहना पलवल रोड का होगा काया कल्प : संजय सिंह।**

**सुभाष पुलानी, गुड़गांव टुडे**


सोहना तावडू रोड के निर्माण को लेकर पूजा अर्चना करते ,नारियल फोड़कर उद्धाटन करते हुए विधायक कंवर संजय सिंह।

**सोहना।** सोहना विधायक और संजय सिंह ने आज सोहना तावडू रोड के निर्माण को लेकर पूजा अर्चना की। वही नारियल फोड़कर विधिवत रूप से उद्धाटन किया। जहां मौके पर उन्होंने पत्रकार वार्ता में बताया कि सोहना पलवल रोड के पहले इसका निर्माण कार्य आज से आरंभ हो गया है। तावडू घाटी से लेकर चौक तक पिछले कई माह से स्थानीय दुकानदार परेशान थे। आज निर्माण कार्य चालू होने से समस्या का समाधान होगा ।वहीं उन्होंने कहा सोहना तावडू पलवल रोड का निर्माण 28 करोड़ की लागत से पूर्ण होगा। इससे पूर्व वहां पहुंचने पर विधायक व संजय सिंह का चेयर पर्सन पति लेखराज, व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज राघव बजरंगी, पार्षद नौबत सैनी, पार्षद नीरज सिंगला सहित कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। जहां उन्होंने बताया कि बीते 12 फरवरी को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय परिवहन मंत्री माननीय नितिन गडकरी के नेतृत्व में दिल्ली मुबई बड़ौदा रोड के दौसा तक का उद्घाटन कर सोहना मेवात को एक सौगात दी है। इस एक्सप्रेस वे से सोहना मेवात का अवश्य कायाकल्प होगा। लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे किसानों उद्योगपतियों को भी जिसका अवश्य लाभ होगा।

आपको बता दें कि बीते दिनों व्यापार मंडल संघ के प्रधान ने व्यापारियों के साथ विधायक से रोड का निरीक्षण कराकर विरोध जताया था ।जहां अगले ही दिन अधिकारियों द्वारा मौका मुआयना कर 15 फरवरी तक रोड निर्माण कराने का आश्वासन दिया था।

इस मौके पर विधायक कंवर संजय सिंह के साथ उनके सचिव दीपक गौड़, व्यापार मंडल संघ प्रधान मनोज राघव बजरंगी, चेयर पर्सन लेखराज, गौरव चुग मंडल अध्यक्ष, नीरज सिंगला पार्षद, नौबत सैनी पार्षद, पीडब्ल्यूडी के एसडीओ ए एस राव नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता अतर सिंह, एम ई राजपाल, सोहना तावडू पलवल रोड के निर्माण कंपनी डेंसिटी के ठेकेदार एसएस खटाना, सनातन धर्म सभा के प्रधान लवली जुनेजा, मोहित खट्टर, मोहित संदूजा, विष्णु अग्रवाल, नरेश सैनी, महेंद्र राणा, पूर्व पार्षद बालू सैनी, राजन जैन, मनोज कुमार, बंटी, विकल, भानु चौधरी सहित व्यापारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रेमचंद, गुड़गांव टुडे**

**पटौदी।** डिवाइन डेल इंटरनेशनल विद्यालय शेरपुर में हरियाणा राज्य सहकारी विकास प्रसंध लिमिटेड पंचकुला के तत्वाधान में जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में मेजबान विद्यालय के अलावा आधा दर्जन सरकारी गैर सरकारी स्कूल ने हिस्सा लिया। इस मौके पर प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सहकारी शिक्षा अधिकारी हरकों फेड सत्यनारायण यादव ने दीप प्रज्जवलित करके किया। इस मौके पर प्रतियोगिता में मेजबान डिवाइन डेल इंटरनेशनल, न्यू हैप्पी चाइल्ड स्कूल खोड, श्रीराम सीनियर सैकन्डरी स्कूल भोडाकला, केशव विद्या विहार खोड,राजकीय सीनियर सैकन्डरी स्कूल पहाडी, राजकीय सीनियर सैकन्डरी स्कूल शेरपुर आदि स्कूलों के विधार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर पैंटिंग प्रतियोगिता में


पेंटिंग प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए।

प्रथम स्थान पर संजना राजकीय सीनियर सैकन्डरी स्कूल पहाडी, द्वितीय स्थान पर आदिति डिवाइन डेल इंटरनेशनल स्कूल शेरपुर तथा तृतीय स्थान पर एकता डिवाइन डेल इंटरनेशनल स्कूल शेरपुर रही वही प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत व ट्रॉफी देकर सम्मान किया गया वहीं कन्सीलेशन हार्दिक को दिया गया तथा बेस्ट एंकरिंग अनुष्का व सिद्धि को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रशिक्षक हरको फै ड संदीप कुमार, मेजबान विद्यालय के चेयरमैन सूरजभान ठोलिया, प्रचार्या पूर्ण ठोलिया सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# 97 लोगों ने उठाया नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प का लाभ

**अशोक गर्ग, गुड़गांव टुडे**





**सोहना।** अभय हास्पिटल और मेदांता हास्पिटल के सौजन्य से नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर जखोपुर, इंडरी रोड सोहना सुबह 10 बजे से एक बजे तक लगाया गया। कैम्प में 97 लोगो ने नि:शुल्क सेवाएं प्राप्त की । स्वास्थ्य कैम्प का आरम्भ डॉ. गोविंद शरण बागडी, योगेश तंवर और नौबत सैनी ने रिबन काटकर किया। कैम्प में बी0पी, शुगर, बी.मि. डी., ई.सी.जी., महिलाओं की जांच, छाती परीक्षण, विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा जांच-पड़ताल व सलाह और दवाईयां निशुल्क दी गई। कैम्प में मेंदाता के विशेषज्ञ हार्ट विशेषज्ञ, अभय हॉस्पिटल से डॉ गोबिंद शरण छाती विशेषज्ञ, डॉ जावेद, देशराज व मेंदाता की टीम मौजूद रही। डॉ गोबिंद शरण ने समय समय पर लोगो को स्वास्थ्य जांच करवाने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य जाँच करवाते रहने से हम स्वास्थ्य प्रति सजग रहते है और इससे निरोगी रहने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर डॉ कैलाशवती, डॉ विजय शर्मा सहित काफी गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नर्क की जिंदगी जीने को मजबूर हैं गांव सरहोल के निवासी

- **समाजसेवी अक्षय यादव ने नगर निगम, पार्षद की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल।**

**गुड़गांव टुडे, गुरुग्राम**


गुरुग्राम के सरहौल गांव में गली में भरा गंदा पानी।

वार्ड-5 के अंतर्गत गांव सरहौल के हाल बदहाल हैं। पांच साल तक नगर निगम पार्षद यहां के हालात सुधार नहीं पाए। निवर्तमान पार्षद के पांच साल के दौरान विकास कार्यों के दावों पर लोग सवाल खड़े कर रहे हैं। आगामी निगम चुनावों की तैयारी में जुटे समाजसेवी अक्षय यादव का कहना है कि वार्ड-5 के अधीन इस गांव के हालात पार्षद सुधार नहीं पाए।

वार्ड-5 से आगामी निगम चुनावों में पार्षद का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे अक्षय यादव जमीनी स्तर पर समस्याओं के बारे में बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि वार्ड से ही गुरुग्राम के पूर्व मेयर की धर्मपत्नी इसी वार्ड की पार्षद रही। बावजूद इसके आज भी वार्ड के लोग पीने के पानी की समस्या को लेकर बेहाल हैं। सरहौल में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। कर्मचारी हफ्तों तक कूड़ा उठाने नहीं आते। वार्ड-5 का गांव बीमारियों का घर बन चुका है। लोगों ने भी प्रशासन से यही अपील की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाये, ताकि किसी भी बड़ी बीमारी को फैलने से रोका जा सके।

# किसी भी तरह के लेन-देन में होनी चाहिए पूरी पारदर्शिता : अमित गोयल

- **फरूखनगर में किया कैपरी गोल्ड लोन शाखा का उद्घाटन।**

**हंसराज यादव, गुड़गांव टुडे**

**फरूखनगर।** रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य एवं सीएम विंडो के एमिनेंट सदस्य अमित गोयल ने फरूखनगर में कैपरी गोल्ड लोन की शाखा का उद्घाटन किया। बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने शाखा के अधिकारियों, कर्मचारियों को पारदर्शिता, ईनामदारी से काम करने की सीख दी।

इस अवसर पर कैपरी गोल्ड लोन शाखा के क्षेत्रीय सेल्स प्रबंधक रोबिन गुप्ता, एरिया सेल्स मैनेजर रामवीर, एरिया ऑपरेशनल मैनेजर वीना प्रजापति, ब्रांच मैनेजर अमन वर्मा के अलावा दीप्ति सिंह, जितेंद्र, रवि, हरविंद्र आदि मौजूद रहे। अमित गोयल ने आगे कहा कि चाहे बैंकिंग क्षेत्र हो या कोई अन्य लेन-देने का कार्य, पारदर्शिता बहुत जरूरी है। अगर हम पारदर्शिता नहीं बरतते हैं तो कहीं ना कहीं सवालों के घेरे में आ जाते हैं। उन्होंने कैपरी गोल्ड लोन के अधिकारियों, कर्मचारियों को भी पारदर्शिता से काम करने के लिए प्रेरित किया। अमित गोयल ने कहा कि इस तरह के कार्यों में संस्थान व उपभोक्ता के बीच विश्वास कायम होना बहुत जरूरी है। लेन-देने में पूरी कागजी कार्यवाही और अधिकारिक तौर पर सभी तथ्य सही होने चाहिए, ताकि कोई दिक्कत ना आए। यह सही है कि गोल्ड लोन के माध्यम से संस्थान लोगों को सहायता करते हैं, ऐसे में इस काम को पूरी ईमानदारी से ही किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की ओर से ऐसे कार्यों को लेकर जो भी नियम, शर्तें जारी की जाती हैं, उनका पालन करना बहुत जरूरी है। अगर किसी भी नियम का उल्लंघन होता है तो फिर संस्थान की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आती है। इसलिए उनका यही कहना है कि नियमों का पालन, काम में पारदर्शिता और ईमानदारी बरतें, ताकि उपभोक्ताओं का विश्वास उन पर बना रहे।



# हम सबकी सजगता से सुधर सकता है बिगड़ा पर्यावरण : नवीन गोयल

- **फिरोजगांधी कालोनी में नवीन गोयल ने बांटे कपड़े के थैले।**
- **लोगों के साथ चाय पर चर्चा में पर्यावरण सुधारने की रखी बात।**

**गुड़गांव टुडे, गुरुग्राम**

स्वच्छ पर्यावरण बनाकर, स्वच्छता रखकर अपने शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 में टॉप10 की सूची में लाने के लिए प्रयासरत पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने फिरोजगांधी कालोनी में लोगों के साथ चार्य पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कपड़े के थैले भी वितरित किए, ताकि लोग सिंगल यूज प्लास्टिक को छोड़कर पर्यावरण सुधारने में अपना सहयोग दें। नवीन गोयल ने कहा कि हमारा लक्ष्य गुरुग्राम को स्वच्छता के मामले में टॉप10 शहरों में लेकर आना है, जिसमें हर एक गुरुग्राम वासी की भागीदारी जरूरी है। हमें इस कार्य के लिए सजग रहना होगा। हमारी सजगता ही हमारे बिगड़े पर्यावरण को सुधार सकती है। उन्होंने कहा


फिरोजगांधी कालोनी में चाय पर चर्चा बैठक में लोगों से मिलते नवीन गोयल।


कि यह जरूरी है कि हम अपने आसपास सफाई पर पूरा ध्यान दें। अपने घर के साथ बाकी जगहों पर भी गंदगी ना फैलाकर हम इस अभियान के भागीदार बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि घर से निकली गंदगी को नगर निगम द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही डालें। इधर-उधर गंदगी फेंककर हम सुंदरता को भी खराब करते हैं और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे कार्य से बीमारियों को भी न्यौता मिलता है। नवीन गोयल ने कहा हर व्यक्ति को अपने शहर को साफ रखने के लिए नैतिक कर्तव्य समझना चाहिए। जब गुरुग्राम का हर नागरिक इस कर्तव्य का निर्वहन करने लग जाएगा तो स्थितियां अपने आप ही सुधर जाएंगी।

तब हम स्वच्छता सर्वेक्षण के मापदंडों पर पूरा करते हुए स्वच्छता में टॉप10 में अग्रणी होंगे। इस अवसर पर हरकेश प्रधान, कप्तान जगदीश सिंह, मास्टर महेंद्र सिंह, मंगला, ओमप्रकाश खरेरा, गुल्लू, राकेश समेत अनेक लोग मौजूद रहे। नवीन गोयल ने लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करके कपड़े के थैलों का उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कपड़े के थैले लोगों को वितरित किए। उन्होंने पानी का सीमित मात्रा में प्रयोग करने और पौधे लगाकर उनका परिवार के सदस्य की तरह पालन-पोषण करने की भी अपील की।


# गांव कुलियाका की फौजी की मां ने पूर्व सरपंच पर जान से मारने को लेकर गृह मंत्री से की गुहार

**सुभाष पुलानी, गुड़गांव टुडे**

**सोहना।** सोहना सदर थाना अंतर्गत लगते गांव कुलियका की महिला कुर्सीदन पत्नी गफ्फार ने गांव के पूर्व सरपंच शब्बीर सहित परिवार के लोगों के खिलाफ जान से मारने व भद्दी भद्दी गालियां देने को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं उपायुक्त गुरुग्राम व गृह मंत्री हरियाणा अनिल विज से भी गुहार लगाई है। दी गई शिकायत में पीड़ित कुर्सिदन का कहना है कि बीते 14 फरवरी की शाम को पूर्व सरपंच शब्बीर सहित परिवार के लोगों ने घर में आकर भद्दी भद्दी गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी। कहा कि तेरी दोनों बेटे फौज में हैं जिस दिन छुट्टी आएंगे उस दिन जान से मार देंगे। वही मामले को लेकर निमोट चौकी इंचार्ज विकी कुमार का कहना है शिकायत मिली है दोनों पक्षों को चौकी में बुलाया गया है। मामले की जांच जारी है।



## मोदी पर फिल्म: छापे के बदले छापा



**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

दिल्ली और मुंबई के बी.बी.सी. दफ्तरों पर भारत सरकार ने जो छापे मारे हैं, उन पर भारत के विरोधी दलों ने काफी खरी-खोटी टिप्पणियां की हैं लेकिन वे यह क्यों नहीं समझते कि यह छापे के बदले छापा है। मोदी सरकार लाख सफाई दे कि यह बी.बी.सी. पर आयकर विभाग का छापा नहीं है, सिर्फ सर्वेक्षण है लेकिन सबको पता है कि यह छापामारी उस फिल्म के जवाब में हुई है, जो बी.बी.सी. ने 'इंडिया: द मोदी क्वेश्चन' के नाम से छापामारी की है। मोदी सरकार ने इस फिल्म पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब यह न तो हमारे सिनेमाघरों में दिखाई जा सकती है और न ही उसे आप आनलाइन देख सकते हैं। 'पठान' नामक फिल्म पर भी काफी एतराज हुए थे लेकिन जब वह चली तो ऐसी चली कि वह अपनी दौड़ में आज तक की सभी फिल्मों से आगे निकल गई है। अब इस मोदी फिल्म पर सरकार ने छापा मारा है तो वह पूछ सकती है कि क्या इस फिल्म ने मोदी पर छापा नहीं मारा है? जिस दुर्घटना को बीते हुए दो दशक हो गए, उसे बी.बी.सी. ने किसलिए याद किया है? क्या लंदन की यह आकाशवाणी भारत में दुबारा दंगे करवाना चाहती है? 2002 के गुजराती रक्तपात के बाद देश में दंगे लगभग नगण्य हो गए हैं तो फिर उन्हें याद करवाने का मकसद क्या है? मोदी को 'मौत का सौदागर' सिद्ध करने के पीछे असली मकसद क्या है? क्या बी.बी.सी. भारत में 1947 को दोहरवाने की फिराक में है? यदि भारत में हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण की पुरानी ब्रिटिश राजनीति फिर चल पड़ी तो क्या होगा? उस समय भारत की जमीन के सिर्फ दो टुकड़े हुए थे, अब उसके दिलों के सौ टुकड़े हो सकते हैं। इसीलिए ऐसी फिल्में, ऐसी किताबें, ऐसी तेहरीकें किसी काम की नहीं। लेकिन उन पर प्रतिबंध लगाना तो और भी उल्टा सिद्ध हो सकता है। अब जो लोग मोदी के अंधभक्त हैं, वे भी उसे चोरी-छिपे देखने की कोशिश करेंगे। दूसरे शब्दों में हमारी सरकार जान-बूझकर बी.बी.सी. का मोहरा बन रही है। हमारे कुछ पत्रकार संगठन भी खीज रहे हैं। वे कह रहे हैं कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रहार है। देश में इंदिरा गांधी का आपात्काल फिर से शुरु हो रहा है। जो पत्रकार लोग डरपोक हैं, उन्हें तो हर सरकार आपात्काल की माता मालूम पड़ती है और जिन अखबारों और टीवी चैनलों की चड्डियां पहले से गीली हैं, उन्हें डर लगता है कि कहीं उन पर भी छापा न पड़ जाए। जैसे आप डरपोक हैं, यह सरकार भी उतनी ही डरपोक है। सरकारें डर के मारे छापे मारती हैं और पत्रकार डर के मारे खुशामद करते हैं। यदि सरकार बी.बी.सी. की इस फिल्म पर प्रतिबंध नहीं लगाती तो इसकी थोड़ी-बहुत चर्चा होकर रह जाती लेकिन सरकार में बैठै हुए हमारे नेता लोग कोई ईसा मसीह तो हैं नहीं कि वे अपने 'हत्यारो' (आलोचकों) के लिए ईश्वर से कहें कि 'इन्हें माफ कर देना, क्योंकि इन्हें पता नहीं है कि वे क्या कर रहे हैं?'

# मांडोठी स्कूल में विद्यार्थियों को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

- **साइबर अपराधों से बचाव को लेकर भी किया जागरूक।**

**सुशील कुमार, गुड़गांव टुडे**

**बहादुरगढ़।** यातायात नियमों की पालना व साइबर अपराध के संबंध में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांडोठी में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम हुआ। आमजन को यातायात नियमों व साइबर अपराध के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक करने के लिए पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा विद्यार्थियों व आमजन को जागरूक करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यातायात नियमों की जानकारी देकर विद्यार्थियों को नियमों की पालना करने के प्रति सजग किया जा रहा है।

सड़क सुरक्षा सैल बहादुरगढ़ से उप निरीक्षक सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के साथ-साथ साइबर अपराधियों द्वारा अपनाएं जाने वाले ठगी के तौर-तरीकों और उनसे बचाव व सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानियां रखने बारे जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्कूल स्टॉफ की मौजूदगी में सड़क सुरक्षा सैल के प्रभारी उप निरीक्षक सतीश कुमार, यातायात समन्वयक उप निरीक्षक सत्य प्रकाश व अन्य मौजूद रहे। उप निरीक्षक सतीश कुमार ने जानकारी देते हुए विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को यातायात नियमों का पालन करके सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और साइबर अपराध से बचाव के तरीकों बारे विस्तृत जानकारी दी गई।



**विद्यार्थियों को यातायात नियमों को लेकर जागरूक करते हुए सड़क सुरक्षा सैल से उप निरीक्षक सतीश कुमार।**

उन्होंने बताया कि किसी भी सूरत में अपने बैंक खाता से संबंधित कोई भी जानकारी अथवा पासवर्ड को किसी से भी शेयर ना करने, किसी के कहने पर कोई भी ऐप डाउनलोड ना करने, लोन के संबंध में कोई भी एप्लीकेशन डाउनलोड ना करने, किसी अनजान के कहने पर कोई भी ऑनलाइन ट्रांजैक्शन न करने, किसी भी अनजान नंबर से आई वीडियो कॉल को रिसीव ना करना और साइबर अपराध से सुरक्षा के अन्य तौर-तरीकों बारे जागरूक किया। फेसबुक पर अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट नहीं करनी चाहिए। अनजान फोन कॉल आने पर कोई व्यक्तिगत जानकारी शेयर ना करने बारे सजग किया गया। किसी तरह के साइबर अपराध की घटना हो जाए तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सम्पर्क करें। उन्होंने साइबर अपराधों से सतर्क रहने के साथ-साथ यातायात नियमों की पालना करने बारे भी जागरूक किया। कार्यक्रम दौरान स्कूल प्राचार्य विरेंद्र मलिक, स्टॉफ सदस्य व सड़क सुरक्षा संगठन सदस्य सुधीर भारद्वाज भी मौजूद रहे।

# महर्षि दयानन्द सरस्वती जयंती के विचारों के लिए किया जागरूक

- **प्राचार्य डा. आशा शर्मा ने कहा, मनुष्य की विद्या उसका अस्त्र, धर्म उसका रथ, और सत्य उसका सारथी होते हैं।**

**सुशील कुमार, गुड़गांव टुडे**

**बहादुरगढ़।** महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में वाईआरसी व एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से उनके विचारों के लिए समाज में जागरूकता फैलाई। साथ में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम का हिस्सा भी बनीं। स्वयंसेविकाओं ने अपने पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से बताया कि महर्षि दयानन्द सरस्वती ने देश में फैली तमाम तरह की कुरीतियों के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद किया था। वे जातिवाद और बाल-विवाह के खिलाफ थे। प्राचार्य डा. आशा शर्मा ने कहा कि आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती ने अपना सारा जीवन मानव कल्याण, धार्मिक कुरीतियों पर रोकथाम और विश्व की एकता के प्रति समर्पित किया। हमें उनके काम और समर्पण को याद करते हुए व विश्व उद्धार के लिए किए गए उनके अमूल्य प्रयासों को याद कर उनके दिखाये रास्ते पर चल राष्ट्र को एक नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। झज्जर जिले की यूथ रैडक्रॉस इकाई द्वारा आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय ड्रग दुरुपयोग पर सेमीनार में स्वयंसेविकाओं ने रैली निकाल समाज में जागरूकता फैला अपनी सहभागिता निभाई। साथ ही महाविद्यालय की प्राचार्य डा. आशा शर्मा ने प्रवक्ता के रूप में शिरकत कर युवाओं को जागरूक करते हुए बताया कि पिछले कुछ वर्षों से भारत में नशे के लिए ड्रग्स और मादक दवाओं का उपयोग बढ़ता ही जा रहा है एवं इसने एक विकराल समस्या का रूप ले लिया है। एक अनुमान के अनुसार भारत में लगभग 70 लाख लोग नशे की लत के शिकार है। नशे का सेवन करने वाले व्यक्ति न केवल व्यक्तिगत रूप से प्रभावित होते है बल्कि इससे उसका पूरा परिवार और समाज प्रभावित होता है। ड्रग्स की लत न केवल व्यक्ति को शारीरिक रूप से अपंग बना देती है बल्कि उसकी मानसिक क्षमताओं को भी बुरी तरह प्रभावित करती है। हमें युवाओं को इसकी गिरफ्त में जाने से बचाना है। सेमिनार में महाविद्यालय की डॉली व संजना ने भी अपने विचार व्यक्त कर युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान किया।




**पोस्टर स्लोगन के जरिये महर्षि दयानन्द सरस्वती के विचारों के बारे में जागरूक करते हुए छात्रा।**

# स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी के तहत बनेगी 8 सदस्यीय कमेटी

- **स्ट्रीट वेंडरों को पॉलिसी की सूची में शामिल होने के लिए दिया 24 मार्च तक का समय।**

**सुशील कुमार, गुड़गांव टुडे**

**बहादुरगढ़।** शहर में बेतरतीब ढंग से लगने वाली रेहड़ियों के लिए स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी के तहत अब स्ट्रीट वेंडरों की 8 सदस्यीय कमेटी बनाई जाएगी। यहीं कमेटी पॉलिसी के तहत प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर आगामी कार्रवाई करेगी। स्ट्रीट वेंडरों का चुनाव करके 8 सदस्य चुने जाएंगे। नगर परिषद ने स्ट्रीट वेंडरों को पॉलिसी की सूची में शामिल होने के लिए 24 मार्च तक समय दिया है। अगर कोई स्ट्रीट वेंडर इस सूची में शामिल नहीं है तो वह अपना नाम इस सूची में डलवा सकता है और इस पॉलिसी का फायदा उठा सकता है। स्ट्रीट वेंडिंग पॉलिसी लागू होने और वेंडिंग जोन बनने से शहर के मेन बाजार व रेलवे रोड समेत अन्य स्थानों पर जाम की समस्या से आमजन को छुटकारा मिल जाएगा।

### अब 1655 स्ट्रीट वेंडर

प्रदेश के बड़े शहरों की तर्ज पर बहादुरगढ़ में भी स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी लागू करने के लिए मार्च 2018 में सर्वे कराया गया था। तब से लेकर अब तक यह पॉलिसी कागजों में ही है। नगर परिषद को इस सर्वे की रिपोर्ट जनवरी 2019 में मिली थी। सर्वे में पूरे शहर में 2102 स्ट्रीट वेंडर मिले थे। मगर 2 साल से कोरोना महामारी की वजह से अब बहादुरगढ़ में स्ट्रीट वेंडरों की संख्या 1655 रह गई है। नगर परिषद अब तक इन स्ट्रीट वेंडरों को भी शहर में कहीं पर भी जगह नहीं दे पाई है।

### क्या कहते हैं ईओ

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) संजय रोहिल्ला का कहना है कि स्ट्रीट वेंडिंग पालिसी के तहत 8 सदस्यीय टाउन वेंडिंग कमेटी का चुनाव कराया जाएगा। 24 मार्च तक इस पालिसी की सूची में नए वेंडरों को भी जोड़ा जाएगा।

# परनाला में लगा एनएसएस कैंप हुआ संपन्न

**सुशील कुमार, गुड़गांव टुडे**

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित 7 दिवसीय कैम्प का को समापन हो गया। स्वयं सेविकाओं को प्रमाण पत्र व पैन भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में प्रो. राजकुमार एनएसएस कोऑर्डिनेटर एमडीयू रोहतक व विशिष्ट अतिथि के तौर पर परनाला गांव की सरपंच मुकेश राठी ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के प्रधान श्रीनिवास गुप्ता ने की।

मुख्यातिथि प्रो. राजकुमार ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्ष भर में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई समाज को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करती रही है। बहादुरगढ़ शिक्षा सभा प्रधान श्रीनिवास गुप्ता ने कैम्प के दौरान स्वयंसेविकाओं द्वारा समाज उत्थान के लिए किए गए सामाजिक कार्यों की खूब सराहना की। प्राचार्य डा. राजवंती शर्मा ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि एनएसएस इकाई समाज सेवा में बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य समसामयिक समस्याओं को के प्रति लोगों को जागरुक करना, कैशलेस ट्रांजेक्शन व डिजिटल तकनीक को आम लोगों तक पहुंचाना और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करना होना चाहिए। एनएसएस कैम्प में सक्रिय भागीदारी के लिए सोनिया, अंशी गिल व ज्योति बीए.. तृतीय वर्ष को बेस्ट एनएसएस वालंटियर के रूप में चुना गया। वहीं दूसरी ओर सिमरन, शिखा, स्वीटी बीए तृतीय वर्ष स्नेहा व तनु, बीकॉम. तृतीय वर्ष को भी स्मृति चिन्ह दिया गया। एनएसएस अधिकारी प्रवेश दहिया ने कहा कि यह कैम्प केवल हमारे महाविद्यालय की प्राचार्य डा. राजवंती शर्मा के सकारात्मक दृष्टिकोण, उत्कृष्ट समाज सेवा व सहयोग के कारण सफलतापूर्वक संपन्न हो पाया है। इस अवसर पर उप प्रधान प्रेमचंद बंसल, नॉमिनेटेड उप प्रधान राजपाल शर्मा व बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के ज्वाइंट सैक्रेट्री एमसी जोशी भी उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेविकाओं का उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए उत्साहवर्धन किया। समापन समारोह का अंत परनाला गांव के बच्चों में स्टेशनरी वितरित करके किया गया।



**कैम्प समापन पर स्वयंसेविका स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि व अन्य अतिथि।**

# बाल कैंसर दिवस पर लगाया आयुष चिकित्सा शिविर

**गुड़गांव टुडे, गुरुग्राम**

आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत बुधवार को आयुष विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस पर आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सेक्टर-23 स्थित शकुंतलम शिक्षण संस्थान में आयोजित इस नि:शुल्क शिविर में 93 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। आयुष विभाग की होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नितिका शर्मा ने बताया हर साल दुनियाभर में 3 लाख बच्चे कैंसर का शिकार होते हैं। ल्यूकेमिया, केंद्रीय तंत्रिका तंत्र के ट्यूमर, न्यूरोब्लास्टोमा, नेफ्रोब्लास्टोमा, मेडुलोब्लास्टोमा और रेटिनोब्लास्टोमा बचपन के कैंसर के सबसे प्रचलित प्रकार हैं। आधुनिक समय में छोटे-छोटे बच्चे कैंसर की चपेट में आ रहे हैं। इनके मुख्य कारण उनकी खराब लाइफस्टाइल जैसे फिजिकल एक्टिविटी की कमी, लंबे समय तक टीवी और मोबाइल देखना, फास्ट फूड और तीखे खाने का सेवन, फ्रूट और वेजीटेबल्स खाने से परहेज करना हैं। डॉ शर्मा ने बताया कि 0 से 6 माह तक के बच्चों को सिर्फ ब्रेस्ट फीडिंग कराएं, इससे बच्चा अंदरुनी रूप से मजबूत होता है। छोटे बच्चों को जरूरत से अधिक समय तक धूप में न रखें। इससे यूवी किरणों की वजह से कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। इसके अलावा धूल-मिट्टी और प्रदूषण से भी बच्चों को दूर रखने की कोशिश करें। बच्चों को इम्यूनिटी मजबूत करने वाली चीजों का सेवन कराएं। इसके लिए आप उन्हें हल्दी वाला दूध, अदरक, शहद जैसी चीजें दे सकते हैं। 11 से 12 साल तक के बच्चों को सर्वाइकल कैंसर से बचने की वैक्सीन अवश्य लगवाएं। सभी बच्चों को हेपेटाइटिस बी तथा अन्य सभी टीकाकरण उचित समय पर पूर्ण करवाएं। शिविर में सीना 30 एवं आर्सेनिक 30 नामक होम्योपैथिक दवाएं भी वितरित की गई। शिविर में रजनी, उदय सिंह, श्वेता, सुषमा, नलिनी व अन्य का विशेष सहयोग रहा।



**आयुष विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस पर आयुष चिकित्सा शिविर में बच्चों को जागरुक करती चिकित्सक।**

## वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह उपयुक्त जांच-पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र उपरोक्त विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## जौरासी में विशाल कुश्ती का आयोजन 19 को

**आदर्श गर्ग, गुड़गांव टुडे**

**तावडू।** जनपद नूंह के अन्तर्गत तावडू उपमंडल के ग्राम जौरासी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल कुश्ती का आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए कुश्ती कमेटी के सरूप सिंह एवं सुन्दर दूधिया ने बताया कि उक्त आयोजन महा शिवरात्री पर्व के अवसर पर रविवार 19 फरवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। सरूप सिंह ने बताया कि प्रथम आने वाले पहलवान को 1 लाख रूपये द्वितीय स्तर पर आने वाले पहलवान को 51 हजार रूपये तृतीय स्तर के पहलवान को 31 हजार रूपये का पारितौषक दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन कुश्तियों के अतिरिक्त 21 हजार 11 हजार 51 सो 31 सो 21 सो व 11 सो की भी कुश्तियां कराई जाएंगी। और साथ ही कहा कि पहलवानों के उत्साह वर्धन के लिए कुश्तियों की पारितौषिक राशी और अधिक भी बढ़ाई जा सकती है। सरूप सिंह ने बताया कि निर्णायक फैंसला कमेटी का ही मान्य होगा।

# गुरुग्राम में खुले तार हटाकर अंडरग्राउंड की 1748 किमी एचटी केबल

- **2 लाख 34 हजार स्मार्ट मीटर भी लगाए गए हैं।**
- **400 स्मार्ट फीडर हुए चालू।**

**गुड़गांव टुडे, गुरुग्राम**

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा गुरुग्राम में बिजली आपूर्ति प्रणाली को स्मार्ट बनाने और निवासियों को निर्बाध बिजली उपलब्ध करवाने के लिए स्मार्ट ग्रिड परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। अब तक गुरुग्राम में 1748 किलोमीटर लंबाई में एचटी केबल अंडरग्राउंड डाल दी गई है। इसके अलावा 400 फीडर चालू हुए हैं और 2.34 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।

डीएचबीवीएन के प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने बुधवार को स्मार्ट ग्रिड परियोजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्मार्ट ग्रिड परियोजना के तहत गुरुग्राम में 3 लाख 77 हजार में से अब तक 2 लाख 34148 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। इसके साथ ही 580 स्मार्ट फीडर में 437 फीडर बिछाए जा चुके हैं। उन में से अब तक 400 स्मार्ट फीडर चालू किए जा चुके हैं। इसमें 280 शहरी व औद्योगिक फीडर और 120 इंडिपेंडेंट फीडर हैं। स्मार्ट ग्रिड के इन फीडरों में ब्रेक डाउन और ट्रिपिंग में 80 प्रतिशत की कमी आई है।

उन्होंने बताया कि भूमिगत किए गए डीएलएफसब डिवीजन के सभी 148 फीडर और न्यू कॉलोनी सब डिवीजन के सभी 40 फीडर चालू हो चुके हैं। इसके साथ ही मारुति सब डिवीजन के 110 में से 81, साउथ सिटी सब डिवीजन के 131 में से 64, सोहना रोड सब डिवीजन के 79 में से 78, आईडीसी सब डिवीजन के 48 में से 24 और कादीपुर सब डिवीजन के 64 में से 5 फीडर चालू किए जा चुके हैं। इनका लाभ भी उपभोक्ताओं को मिलना शुरू हो गया है। प्रबंध निदेशक ने बताया कि अभी तक एचटी केबल बिछाने का कायज़ 86 प्रतिशत और फीडर बिछाने का कार्य 75 प्रतिशत पूरा हो चुका है। फीडर पर लोड चार्ज करने का कार्य 69 प्रतिशत हुआ है। शहर के सौंदर्य को भी ध्यान में रखते हुए इस परियोजना में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।



इस परियोजना के तहत भूमि के ऊपर 11केवी की डिस्ट्रीब्यूशन लाइनों को अंडर ग्राउंड करने का काम किया जा रहा है और लो ट्रांसमिशन लाइनों पर बड़े कंडक्टर लगाकर सुधार किया जा रहा है। यही नहीं, 11 केवी हाई ट्रांसमिशन लाइनों के साथ-साथ ऑप्टिकल फाइबर भी बिछाई जा रही हैं जो कम्युनिकेशन नेटवकज़ में प्रयोग होंगी।

प्रबंध निदेशक ने बताया कि इस परियोजना के तहत सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डाटा एक्युजिशन सिस्टम (स्काडा) बनाने का कार्य भी शुरू हो रहा है, जो कि एक कंट्रोल रूम की तरह काम करेगा और एक फीडर पर ब्रेकडाउन होने पर दूसरे फीडर से तुरंत प्रभाव से सप्लाई चालू की जा सकेगी। लोड कम या ज्यादा होने की समस्या वाले फीडरों का लोड भी कंट्रोल रूम के माध्यम से बैलेंस किया जा सकेगा।

RNI NO. : HARHIN/2013/47961, Postal Regd. No. GRG/43/2016-2018, GST No. : 06AAIPA8712H1ZY स्वात्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल द्वारा 'जगत क्रांति प्रिंटर्स, ए-16, सेक्टर-7, नोएडा, जिला-गौतम बुद्ध नगर, नोएडा, 201301, यूपी से मुद्रित करवा कर 4 आर्य समाज मार्किट, जैकबबुरा, गुरुग्राम, हरियाणा से प्रकाशित किया। **संपादक-अनिल अर्य* संपादकीय कार्यालय** : 4 आर्य समाज मार्किट जैकबपुरा, गुड़गांव, फोन नं. 0124-4065447, 2324447, ई-मेल: gurgaontodaynews@gmail.com, * पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी, सभी विवादों का निपटान गुरुग्राम में होगा।

# गाडी मालिक ने गाड़ी खरीदने के बहाने डीलर को बिहार से मेवात बुलाकर की एक लाख की धोखाधड़ी

- **डीलर की शिकायत पर पुलिस ने गाड़ी मालिक के खिलाफ मामला दर्जकर शुरु की जांच।**

**नरेश गर्ग, गुड़गांव टुडे**

**फिरोजपुर झिरका।** बिहार के पटना के एक ड़ीलर को गाड़ी खरीदरने के बहाने नूंह जिला में बुलाकर गाड़ी मालिक द्वारा एक लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। डीलर की शिकायत पर पुलिस ने गाड़ी मालिक के खिलाफ मामला दर्जकर जांच प्रारंभ कर दी है।


गाड़ी मालिक साजिद द्वारा बिहार के डीलर को दिखाई गई गाड़ी, जिसका सौदा हुआ था।

बिहार के पटना निवासी संजय कुमार गुप्ता ने पुलिस थाना नगीना में शिकायत दर्ज करवाई है कि वह गाडियों की खरीद-फरोख्त करने का काम करता है। नूंह जिला के झारपुड़ी गांव का असलम उसे मेवात से गाड़ी दिलाने में सहयोग करता है। गत एक जनवरी को असलम के माध्यम से उसकी मेवात जिले के गांव अकलीमपुर निवासी वाजिद से एक ट्रक गाड़ी खरीदने की बात हुई। जिसका 14 लाख 80 हजार रुपए में सौदा तय हुआ। सौदा होने के बाद संजय गुप्ता ने अपने जानकार असलम को वाजिद के पास गाड़ी देखने के लिए भेजा।

संजय गुप्ता का कहना है कि असलम के कहने पर उसने अपने बैंक अकाउंट से 10 हजार रुपए एडवांस के तौर पर वाजिद के खाते में एक फरवरी को पेटीएम नंबर से डाल दिए। उसके बाद वाजिद और पैसों की मांग करने लगा तो उसने अपने बैंक अकाउंट से गाड़ी मालिक साजिद के खाते में 90000 और ट्रांसफर कर दिए।

चुंकि गाड़ी की डिलीवरी देने के लिए छह फरवरी की तिथि तय हुइ थी। आरोप है कि गत छह फरवरी को जब वह गाड़ी ले जाने के वक्त मेवात आया तो वाजिद अपने घर पर नहीं मिला।

जब वाजिद को फोन किया गया तो वाजिद छह लाख रुपये की और मांग करने लगा। डीलर ने वाजिद को गाड़ी लेने के बाद पूरे पैसे देने की बात कही।

लेकिन गाड़ी मालिक ने साफ इंकार कर दिया साथ ही एडवांस के तौर पर दिए गए एक लाख रुपये भी डीलर को लौटाने से मना कर दिया। धोखाधड़ी का शिकार हुए पटना के डीलर का आरोप है कि गाड़ी मालिक द्वारा उसे धमकी दी कि यदि वह इस क्षेत्र में रहेगा या फिर कानूनी कार्यवाही करेगा तो वह उसे जान से मार देगा। पीड़ित डीलर की शिकायत पर नगीना थाना पुलिस ने आरोपित गाड़ी मालिक के खिलाफ मामला दर्जकर जांच प्रारंभ कर दी है।

थाना प्रभारी राजबीर डबास का कहना है कि बिहार पटना के संजय गुप्ता की शिकायत पर गाड़ी मालिक के खिलाफ धोखाधड़ी करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्जकर लिया है। इस मामले के आरोपित को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

# उपायुक्त ने किया जिला स्तरीय खेल स्टेडियम के लिए जमीन का निरीक्षण

- **15 एकड़ में बनाया जाएगा जिला स्तरीय खेल स्टेडियम।**

**अंतराम खटाना, गुडगांव टुडे**

**नूंह।** उपायुक्त अजय कुमार व जिला खेल अधिकारी सुमन मलिक ने गांव उटका व मरोड़ा में जिला स्तरीय खेल स्टेडियम के लिए उचित जमीन के चयन हेतु निरिक्षण किया जिसमें उनके साथ वसीम उंटका (ब्लॉक समिति सदस्य), रफीक सरपंच (खेड़ला), वसीम सरपंच , मोहम्मद साजिद सरपंच (उंटका), वकील सरपंच (मुरादाबास), आसीम जिला परिषद(अड़बर) तथा मोहम्मद असफाक (जिला सचिव खो-खो संघ) सहित आस पास के गांवों के नागरिको ने साथ मिलकर जिला स्तरीय खेल स्टेडियम हेतु कार्य जल्द शरू हो जिससे जिले को सरकार व जिला प्रशासन की ओर से सोगात मिलने पर उपायुक्त को बधाइयों सहित अच्छी भूमि के चयन हेतु अपने-अपने पक्ष प्रस्तुत किये।


खेल स्टेडियम के लिए मरोड़ा में पंचायती भूमि का जायजा लेते डीसी अजय कुमार।

डीसी ने बताया कि कनेक्टिविटी के हिसाब से भी यहां स्टेडियम बनाना उपायुक्त रहेगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर बनने वाला खेल स्टेडियम लगभग 15 एकड़ में तैयार किया जाएगा। जल्द ही इस जगह के संबंध में सभी कागजात पूरे करवा कर आगे की कार्रवाई।

# सोलर लाइट ट्रैप के लिए पोर्टल पर पंजीकरण जरूरी : रेनु सोगन

- **किसान अधिकतम 10 एकड़ में 75 फीसदी अनुदान पर लगवा सकता है लाइट ट्रैप।**

**सोनू वर्मा, गुड़गांव टुडे/नूंह।** एडीसी रेनु सोगन ने कहा कि आजादी अमृत काल में सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में किसानों के कल्याण के लिए कटिबद्ध है। सरकार द्वारा जिला नूंह के किसानों को अपनी फसलों को कीट-पतंगों से बचाने के लिए सोलर एलईडी लाइट ट्रैप पर 75 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना के मुताबिक हर एक एकड़ में एक सोलर एलईडी लाइट ट्रैप लगाया जा सकता है। कोई भी किसान अधिकतम 10 एकड़ में लाइट ट्रैप लगा सकता है।

उन्होंने बताया कि किसानों को अधिकतम 10 एकड़ में सोलर एलईडी लाइट ट्रैप लगाने के लिए 75 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से किसानों को अपनी फसल का बचाव करने के लिए दूसरे विकल्पों को अपनाने के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया जा रहा है। इन विकल्पों में लाइट ट्रैप भी शामिल है, जो फसल को बिना नुकसान पहुंचाए सारे कीटों को नष्ट कर देता है। ये कीटनाशकों का एक अच्छा विकल्प है, जिसे किसानों तक पहुंचाने के लिए सरकार कई योजनाएं और जागरूकता कार्यक्रम भी चलाती है।

**एलईडी लाइट ट्रैप सौर ऊर्जा चालित उपकरण :** सोलर एलईडी लाइट ट्रैप एक सौर ऊर्जा से चलने वाले उपकरण है. इस उपकरण में सबसे ऊपर सोलर प्लेट लगी होती है, जिसके नीचे लगी बैटरी को दिन के समय चार्ज किया जाता है। इस उपकरण में एक इलेक्ट्रिक रैकेट भी लगा होता है, जिसके ऊपर कई छोटे-छोटे बल्ब भी लगे होते हैं। एडीसी ने बताया कि सरकार की इस योजना का लाभ उठाने के लिए किसान किसी भी नजदीकी अटल सेवा केंद्र से आवेदन कर सकते हैं।

# खसरा रुबेला जड़ से मिटेगा बच्चा तभी निपुण बनेगा : कुसुम मलिक

**आदर्श गर्ग, गुड़गांव टुडे**

**तावडू।** जिला उपायुक्त के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग की टीम ने मिलकर आज तावडू खंड के विभिन्न क्लस्टर सेंट्रो में जन जागरूकता अभियान चलाया। सरपंच पंच और धर्म गुरुओं को खसरा रूबैला टीकाकरण के लिए प्रेरित किया ताकि वह लोगों को ज्यादा से ज्यादा 9 से 15 साल के बच्चों को मिसल रूबेला के टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। ताकि इस बीमारी को नूंह जिले से जड़ से खत्म किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग से डॉ रजनीकांत ने कहा कि 9 से 15 साल के सभी बच्चों को टीकाकरण अवश्य कराएं। इससे खसरा और रूबेला बीमारी का रोकथाम हो सकता है। जिला अफ्लेन संयोजिका कुसुम ने सभी सीआरसी मुख्य अध्यापकों और मौजूद लोगों को कहा कि आप सभी इस चैंपियन की रीड की हड्डी है। आपकी जागरूकता और मेहनत से हम इस अभियान को सफल बना सकते हैं। ताकि यह बीमारी इस क्षेत्र से जड़ से खत्म हो। इस मौके पर डॉ सरिता डॉ राजीव ने पढ़नी बिहारी गुलावट डाल आवास के सभी अंतर्गत आने वाले सभी मुखिया को संबोधित करते हुए कहा की उन्हें अपने स्कूल में आगे भी जब भी कैंप लगाना है। उनसे संपर्क करें और किसी भी प्रकार की दिक्कत आती है तो उन्हें अवगत कराएं ताकि उनका समाधान किया जा सके पढ़नी सीआरसी के प्राचार्य मुकेश एबीआरसी राम-राम प्राचार्य नीति सुनीता राजवीर सभी गांव के सरपंच ने आश्वासन दिया कि वह अपने अपने इलाके में 100त्र टीकाकरण कराएंगे और इसे बीमारी को जड़ से मिटाने।






# बाबा छोटनदास की मूर्ति स्थापना में देश प्रदेश के संतों ने लिया भाग : रतनदास महाराज

**अंतराम खटाना, गुडगांव टुडे**

**नूंह।** इंडरी खंड के गांव कुतुबगढ़ स्थित महार्षि वाल्मीकि आश्रम में संत स्वामी श्री श्री 1008 महाराज बाबा छोटनदास की मूर्ति स्थापना का की गई। जिसमें नूंह जिले के अलावा देश प्रदेश के अन्य संतों ने भाग लिया। इस बारे में जानकारी देते हुए आश्रम के उतराधिकारी स्वामी रतनदास मठाधीश जिला अध्यक्ष संत समाज नूंह हरियाणा ने बताया कि बाबा छोटनदास बीते वर्ष ब्रहमलीन हो गए थे एक वर्ष होने पर मंदिर में उनकी मूर्ति स्थापित की गई। जिसमें संत समाज के अलावा क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्य रूप से मुख्यातिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष राज बरार, प्रदेश अध्यक्ष शक्ति सैनी, प्रदेश महासचिव आचार्य संतोष गिरी एवं प्रदेश के उच्च पदाधिकारी शामिल रहे।



रतनदास महाराज ने कहा कि संत ब्रहमलीन बाबा छोटनदास ने आश्रम का संचालन करते हुए देश प्रदेश में संत समाज का मार्गदर्शन करते हुए सनातन धर्म को आगे बढ़ाया। उन्होंने युवाओं के साथ महिलाओं में देश धर्म के लिए चेतना को जागृत किया। आज दिल्ली, पंजाब, राजस्थान व हरियाणा प्रदेश में हजारों अनुयायी है। जोकि धर्म के पथ पर चलकर निरंतर युवाओं को जागरूक कर रहे हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रेम फौजी युवा अध्यक्ष, राजकुमार (महासचिव दिल्ली), आचार्य किशन, बलजीत, पंडित मुकेश, स्वामी पूर्णशाह अध्यक्ष भटिंडा, स्वामी ब्रहा शाह, अतीत मास्टर व दलबीर सहित अन्य मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर स्वास्थ्य संबंधी दी गई जानकारी

**अंतराम खटाना, गुडगांव टुडे**


**नूंह।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस/संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांवों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सीडीपीओ सुनीता ने इंडरी खंड के गांव कालियाका, किरंज जाट के अलावा में आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की जांच के बाद निशुल्क दवाई का लाभ दिया। इस दौरान सीडीपीओ सुनीता ने बताया कि बच्चों में समय समय पर कृमि रोग होने की आशंका रहती है। जिससे बचने के लिए महिलाओं को बच्चों का ध्यान रखना चाहिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी वर्करों द्वारा बच्चों को विशेष स्वास्थ्य का लाभ देने के लिए कैंपों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने के वाले बच्चों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। कई बार लापरवाही के कारण बच्चों में रोग हो जाते हैं। लेकिन जागरूकता के चलते वह स्वस्थ रह सकते हैं।



# पंचायतों के विकास में नहीं रहने दी जाएगी कमी : नरेंद्र ढूल

**अंतराम खटाना, गुडगांव टुडे**

**नूंह।** जिले के इंडरी, फिरोजपुर झिरका व पुन्हाना खंडों का कार्यभार संभाल रहे बीडीपीओ नरेंद्र ढूल ने कहा कि इन सभी खंडों की पंचायतों के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। सरकार द्वारा पंचायतों को समय समय पर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बजट दिया जाता है। जिसे पंचायतों के विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज गांवों में बिजली, पानी, सडक् सहित अन्य प्रकार के कार्यों को करने की जरूरत है इसके लिए नवनियुक्त पंचायत प्रतिनिधियों को आगे आने की जरूरत है। समय समय पर सरकार द्वारा पंचायतों के विकास के लिए पंचायत प्रतिनिधियों से विकास कार्य के लिए डिमांड ली जाती है। इसके बाद विकास कार्य के माध्यम से बजट दिया जाता है।



उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों के सरपंच को गांव के विकास की रूपरेखा तैयार कर आगे बढना चाहिए। समय समय पर उनके द्वारा स्वच्छता सहित अन्य कार्यों के लिए स्वच्छता सैनिकों को सम्मान दिया जाता है। इसी तरह से पंचायतों में सभी योजनाओं को बेहतर तरीके से अमलीजामा पहनाने के लिए आगे आने वाले सरपंचों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन के हित को ध्यान में रखते हुए सरपंचों को कार्य करने के लिए आगे आना चाहिए।

# एक ही रात में सात पशु चोरी, मामला दर्ज

**गुरुदत्त भारद्वाज, गुड़गांव टुडे**


**पुन्हाना।** जिले में पशु चोर गिरोह पूरी तरह सक्रिय है। पिछले दिनों पशु चोरी के कई मामले सामने आए। ताजा मामला पुन्हाना के जहटाना गांव का है जहां एक पशु पालक के पांच पशु रात में अज्ञात चोर चुरा कर ले गए। पशु पालक ने इसकी शिकायत पिनगवां थाना में देकर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है तथा चोरी हुए पशुओं की खोजबीन की मांग की है। पुलिस को दी शिकायत में जहटाना गांव निवासी सगीर ने बताया कि वो किसान है तथा अपने बच्चों के पालन पोषण के लिए चार भैंस व एक कटडी पाली हुई थी। गांव के बहार उसका मकान है जहां एक कमरे में रात में पशुओं को बांध देता है। 13 फरवरी की रात को अज्ञात चोर उसके पांचों पशुओं को चुरा कर ले गया। इसकी जानकारी उसे सुबह लगी तब वो पशुओं को चारा डालने के लिए कमरे में गया। पीड़ित का कहना है कि इसी समय गांव के ही उस्मान के भी दो पशु चोरी हुए है। उन्होंने अपने स्तर पर अपने पशुओं की खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। पीडित की शिकायत पर पिनगवां पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलवामा शहीदों के बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा

**अंतराम खटाना, गुडगांव टुडे**

**नूंह।** पुलवामा में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवानों को मौन रखकर जिले के गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप देशवाल, बीरपाल कालियाका, जिला महामंत्री दलबीर तंवर, उजीना के सरपंच मुनेश फौजी, डॉ सुरेश बघेल व बल्ला चेयरमैन खेड़ा खलीलपुर ने कहा कि देश के जवानों के कारण ही देशवासी चेन से अपने घरों में सांस ले रहे हैं। हमें अपने जवानों के प्रति सदैव कृतज्ञ रहना चाहिए। क्योंकि, सेना के जवानों के कारण ही हम सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि पुलवामा में नेशनल हाईवे पर जा रहे केंद्रीय रिजर्व पुलिस के जवानों के काफिले पर आतंकवादियों ने छिपकर निशाना बनाया था। 14 फरवरी, 2019 की दोपहर के वक्त 300 किलो विस्फोटक से लदी गाड़ी ने सीआरपीएफ वाहन को टक्कर मारकर काफिले को उड़ा दिया था। जिसमें सीआरपीएफ के जवान शहीद हो गए थे। तभी से लेकर हर वर्ष शहीदों के लिए वह कार्यक्रम करते हैं। उन्होंने कहा हर युवा अंदर देशभक्ति की भावना का होना जरूरी है। युवाओं की लगन व देशभावना से हम देश व सीमाओं में सुरक्षित है।





# स्कूल के पास कब्जे को लेकर सीएम विंडो में दी शिकायत

**गुरुदत्त भारद्वाज, गुड़गांव टुडे**

**पुन्हाना।** पुन्हाना के नई गांव के प्राइमरी स्कूल में दबंगों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए ग्रामीणों ने सीएम विंडो की मार्फत मुख्यमंत्री से शिकायत की है। आरोप है कि स्कूल में अतिक्रमण के खिलाफ ग्रामीण विरोध करते है तो दबंग उनके साथ झगड़ा करते है। नई गांव निवासी वसीम पुत्र वहीद ने सीएम विंडों में दी शिकायत में बताया कि गांव के प्राइमरी स्कूल के मुख्य गेट पर कुछ दबंग लोगों द्वारा कब्जा किया हुआ है। कई बार गांव के गणमान्य लोगों द्वारा कब्जा करने वाले लोगों को समझाया लेकिन कब्जा नहीं हटाया। आरोप है कि कब्जाधारी दबंग किस्म के लोग है जो झगडा करने के साथ साथ झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते है। पीडित ने सीएम विंडों में दी शिकायत में प्राईमरी स्कूल की जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।


स्कूल के सामने किया हुआ अतिक्रमण।

KUSH ACADEMY
Best Coaching
Affordable Price
Join Our Crash Course
1000/- Per Subject
Achieve Best Result
9th to 12th, B.A., B.Com., B.Sc., B.Tech, BBA
Maths, Physics, Chemistry, Bio, Accounts, Eco, English, Business Studies (BST), LAW, Statistics, Cost Accounting
Complimentary English Class for 1 Month (Class 11th & 12th)
Salient Features:
- Experienced Faculties
- Regular Examination, Evaluation
- Regular Student, Teacher & Parent Counseling
Call Us On: 95580 21250, 95997 35347
Main Branch - 23/2, Sheetla Mata Road, West Rajiv Nagar, Sec 12
1st Floor, Above Patanjali Store, Bus Stand Road, Rajiv Nagar, Sec 12

# राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर ग्रामीणों द्वारा कट छोड़ने की मांग जायज : ओमप्रकाश यादव



राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर कट खोलने की मांग को लेकर मंत्री ओमप्रकाश यादव उपायुक्त नारनौल एवं निदेशक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निर्देश देते हुए।

- **मंत्री ने की एनएचएआई के निदेशक एवं जिला उपायुक्त से बैठक।**

सुरेंद्र चौधरी, गुड़गांव टुडे

**नारनौल।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने मंगलवार को लोक निर्माण विश्राम गृह नारनौल में उपायुक्त डॉ जयकृष्ण आभीर एवं एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर गौतम के साथ बैठक की। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग 152 डी पर जाट गुवाना, दुबलाना के कट के संबंध में चर्चा की गई। मंत्री ओमप्रकाश यादव ने उपायुक्त एवं एनएचएआई के डायरेक्टर को जल्द से जल्द जाट गुवाना, दुबलाना के कट का प्रपोजल बनाकर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर जाट गुवाना, दुबलाना के पास वाहनों के उतरने चढ़ने के लिए कट छोड़ने की ग्रामीणों की मागं बिल्कुल जायज है। इसे जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए ताकि ग्रामीणों को कोई समस्या ना हो।

गौरतलब है कि नेशनल हाईवे नंबर 152-डी पर कट लगाने की मांग को लेकर 29 दिनों तक गांव के ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया था। जिसके बाद मंत्री ओमप्रकाश यादव ने आश्वासन दिया था कि इस पर जल्द कट लगाने की कार्रवाई की जाएगी। जिसके बाद ही ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया था।

# 20 फरवरी से सभी 22 जिलों का दौरा करेंगे अजय चौटाला और निशान सिंह

- **जल्द जेजेपी के संगठन में रिक्त पदों पर पदाधिकारियों की होगी नियुक्ति।**
- **नगर निगम चुनाव की तैयारियां तेज करने के आदेश।**
- **जेजेपी ने राष्ट्रीय-प्रदेश कार्यकारिणी बैठक कर संगठन मजबूती पर दिया बल।**

गुड़गांव टुडे, चंडीगढ़



बुधवार को दिल्ली में जननायक जनता पार्टी ने राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक की। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की मौजूदगी में हुई इस बैठक में जेजेपी ने संगठन विस्तार, नगर निगम चुनाव, जनसंपर्क अभियान सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बैठक में राष्ट्रीय, प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठों के प्रभारी एवं अध्यक्ष, सभी जिला प्रधान एवं प्रभारी आदि मौजूद रहे।

बैठक में जेजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने संगठन विस्तार पर चर्चा करते हुए संगठन के रिक्त पदों को जल्द पूरा करने का फैसला लिया। अब पार्टी द्वारा जल्द संगठन विस्तार पर कार्य शुरू किया जाएगा ताकि संगठन और मजबूत हो। बैठक में फरीदाबाद, गुरुग्राम और मानेसर में होने वाले नगर निगम चुनावों के बारे भी विचार-विमर्श किया गया। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव के लिए बनाई गई कमेटी के पदाधिकारियों से चुनाव को लेकर फीडबैक लिया और चुनाव की तैयारी में जुट जाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। चुनाव समितियों के साथ अन्य नेता और कार्यकर्ता भी फील्ड में उतरकर चुनाव की कमान संभालेंगे।

पार्टी ने जनसंपर्क अभियान के तहत जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह के सभी 22 जिलों के कार्यक्रमों की भी घोषणा की। डॉ अजय सिंह चौटाला और सरदार निशान सिंह 20 फरवरी से लेकर 28 फरवरी तक प्रदेशभर का दौरा करेंगे। वे क्रमश: 20 फरवरी को सोनीपत, पानीपत व करनाल, 21 फरवरी को पंचकुला, यमुनानगर व अंबाला, 22 फरवरी को कुरुक्षेत्र, कैथल व जींद, 23 फरवरी को हिसार, रोहतक व झज्जर का दौरा करेंगे। 25 फरवरी को फतेहाबाद, भिवानी व दादरी, 26 फरवरी को फरीदाबाद, पलवल व नूंह, 27 फरवरी को गुरुग्राम, रेवाड़ी व महेंद्रगढ़ और 28 फरवरी को सिरसा जिले में कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे। इस अवसर पर जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान, वरिष्ठ नेता डॉ. केसी बांगड़, अनंतराम तंवर, राष्ट्रीय संगठन सचिव एवं चेयरमैन राजेंद्र लितानी, राज्य मंत्री अनूप धानक, विधायक रामकरण काला, विधायक अमरजीत ढांडा, पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान सहित तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नैतिक मूल्यों की शिक्षा देशभक्ति, संस्कृति एवं संस्कार आदि का पाठ सिखाती है : विपिन शर्मा

सुरेंद्र चौधरी, गुड़गांव टुडे



नैतिक मूल्यों की शिक्षा पर आयोजित जागरूकता शिविर को संबोधित करते पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा।

**नारनौल।** आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के दिशा-निर्देशानुसार जिला बाल कल्याण परिषद के मार्गदर्शन में आज स्पिरिंग फिल्ड पब्लिक स्कूल नारनौल में बच्चों को नैतिक मूल्यों की शिक्षा पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

इस मौके पर नैतिक मूल्यों की शिक्षा के राज्य नोडल अधिकारी एवं पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन कुमार शर्मा ने विद्यार्थी एवं अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि नैतिक मूल्यों की शिक्षा बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ देशभक्ति, संस्कृति एवं संस्कार आदि का पाठ सिखाती है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा बच्चों का आत्मबल कमजोर बनाती है जिसकी वजह से वर्तमान पीढ़ी मानसिक तनाव व दबाव में रहती है। इससे बाहर निकलने का एक मात्र जरीया नैतिक मूल्यों की शिक्षा एवं अपनी वैदिक शिक्षा का ज्ञान होना बच्चों को बहुत ही आवश्यक है जिससे उनका मानसिक, शारीरिक व सैद्धांतिक रूप से विकास हो सके तथा उनमें भारतीय संस्कृति, संस्कार, आचार, व्यवहार एवं देशभक्ति की भावना जागृत हो सके। उन्होंने कहा कि आज व्यक्ति एवं समाज में साम्प्रदायिक्ता, जातीयता भाषावाद, हिंसा, अलगाववाद, भ्रष्टाचार, यौनशोषण, भ्रूण हत्या की संकीर्ण भावनाओं व समस्याओं के मूल में नैतिक मूल्यों का पतन ही उत्तरदायी कारण है।

इस मौके पर स्कूल प्राचार्य भीम सेन शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा विश्वास दिलवाया कि वो हर रोज प्रार्थना के समय इन नैतिक मूल्यों को धारण करने के लिए बच्चों को प्रतिदिन जागरूक करेंगे तथा बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ अच्छा इंसान बनना भी सिखाएंगे।

इस अवसर पर बाल भवन नारनौल से तीरन्दाजी कोच सुरेन्द्र शर्मा, प्रधानाध्यापक भीम सेन शर्मा, बलवान सिंह, कुलदीप, योगेश, बिमला, सुमन, सुनीता, कोमल, सरिता, पूजा, रविना, रानी, अध्यापकों सहित सभी स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# व्यक्ति की सकारात्मक सोच ही समाज के लिए स्वच्छ वातावरण पैदा कर सकती है : डॉ. एसएस



नारनौल में जिला स्तरीय रेडक्रास शिविर को संबोधित करते डॉ एसएस यादव।

सुरेंद्र चौधरी, गुड़गांव टुडे

**नारनौल।** व्यक्ति की सकारात्मक सोच ही समाज के लिए स्वच्छ वातावरण पैदा कर सकती है। इसलिए हमारा पहला कार्य अपनी सोच को सकारात्मक रखना है। उपरोक्त विचार पॉच दिवसीय यूथ रेड क्रॉस कैंप के तीसरे दिन आज विभिन्न विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों से आए युवाओं को सम्बोधित करते हुऐ रेडक्रॉस के आजीवन सदस्य एंव जयपुर हार्ट एंव जरनल अस्पताल नारनौल के संचालक डॉ. एसएस यादव ने व्यक्त किए।

उन्होंने युवाओं को जानकारी देते हुए बताया कि हम अपनी सकारात्मक सोच के माध्यम से जीवन में बहुत कुछ बदलाव ला सकते हैं और समाज व देश के लिए वो कार्य कर सकते हैं जिसका असर आने वाले समय में खुद के जीवन और अन्य लोगों के जीवन पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मोबाइल का अधिक प्रयोग नहीं करना चाहिए। मोबाइल के अधिक प्रयोग से डोयामीन हारमोन जागृत होने की संभावना रहती है। उन्होंने युवाओं को डमी के माध्यम से सीपीआर की पैक्ट्रीकल जानकारी दी। डॉ. एसएस यादव ने युवाओं के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। इसमें 100 से अधिक युवाओं की एचबी आदि की जांच की। कार्यक्रम में पीजी कॉलेज नारनौल से आए डा. चन्द्र मोहन ने युवाओं को आहार-विहार के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने नशे से दूर रहने का सकंल्प दिलवाया।

इस मौके पर रेडक्रास सचिव श्याम सुंदर ने भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के चिन्ह के दुरुपयोग को रोकने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस चिन्ह का प्रयोग केवल रेडक्रॉस सोसायटी ही कर सकती है । कार्यक्रम में मंच संचालन डा. ममता शर्मा ने किया। कार्यक्रम मे रेडक्रॉस की आजीवन सदस्य कृष्णा आर्य, डीपी मुकेश कुमार व विद्यार्थी मौजूद थे।

# निक्की यादव के लिए गुलिया तीसा खाप लड़ेगी लड़ाई : विनोद

कपिल शर्मा, गुड़गांव टुडे




**बादली।** खेड़ी कुम्हार की बेटी की हत्या मामले को लेकर यादव समाज के बाद गुलिया तीसा खाप की कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगी। अपने जिले की बेटी को न्याय दिलाने के लिए खाप हर लड़ाई लड़ने के लिए सदैव तत्पर रहेगी। लड़ाई में बेटी के परिवार को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी पैदा नहीं होने दी जाएगी यह बात गुलिया तीसा खाप के प्रधान विनोद ने कही। खाप के प्रधान ने कहा कि हम परिवार के साथ हैं परिवार को जो भी हर संभव मदद होगी खाप उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगी। यादव समाज ने भी सबसे पहले अपनी भूमिका निभाते हुए पहल की हम उनके साथ हर कार्य में कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे। अपने क्षेत्र की बेटी को न्याय दिलाने के लिए खाप को किसी का भी दरवाजा खटखटाना पड़े हम पीछे नहीं हटेंगे।

## इंडिया कल्चर

# भारत रंग महोत्सव का हुआ आगाज़

श्राबोनी साहा गुड़गांव टुडे








पूरे देश को भारत रंग महोत्सव का बड़ी बेसब्री से इंतज़ार होता है। तो बता दें कि भारत रंग महोत्सव का आगाज़ हो चुका है, जिसमें अलग-अलग राज्यों से भिन्न-भिन्न भाषाओं में 80 नाटकों का मंचन होगा साथ ही अन्य कार्यक्रम जैसे डायरेक्टर्स मीट, लिविंग लेजेंड, बुक लॉन्च, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार व मास्टर क्लास से जुड़े प्रोडक्शन की एक विविध श्रृंखला भी होगी। इसके साथ ही भारत रंग महोत्सव का आयोजन 10 अलग-अलग शहरों में होगा।

1999 में भारत रंग महोत्सव की शुरुआत हुई थी और इस बार 22वां भारत रंग महोत्सव है और इसकी शुरुआत 14 फरवरी को कमानी सभागार में किया गया। जिसमें मंच पर मुख्य अतिथि अर्जुन राम मेघवाल ( माननीय कार्य एवं संस्कृति राज्य मंत्री, भारत सरकार), राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के अध्यक्ष परेश रावल, प्रोफेसर राम गोपाल बजाज, सुश्री वाणी त्रिपाठी टिक्कू व राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के निदेशक प्रो. (डॉ) रमेश चंद्र गौड़ उपस्थित थे। दीप प्रज्वलन के पश्चात प्रो. (डॉ) रमेश चंद्र गौड़ द्वारा स्वागत वक्तव्य हुआ जिसमें उन्होंने भारत रंग महोत्सव में होने वाले सभी कार्यक्रमों को संक्षिप्त में बताया व सभी अतिथि गणों का स्वागत किया। अर्जुन राम मेघवाल ने भारत रंग महोत्सव के लिए राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय को बधाई व शुभकामनाएं दीं साथ ही अनशन हीरोज़ पर नाटक मंचन करने के लिए ज़ोर दिया।

इसके पश्चात वेस्ट बंगाल का बंगाली नाटक जगन्नाथ का मंचन हुआ जिसके लेखक हैं लू क्सुन व निर्देशक है अरुण मुखर्जी। बताया गया कि यह नाटक परेश रावल के पसंदीदा नाटकों में से एक है और इसी नाटक द्वारा 22वें भारत रंग महोत्सव की शुरुआत हुई। यह महोत्सव 14 से 23 फरवरी तक दिल्ली में होगा और इन नाटकों का मंचन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, एलटीजी सभागार, श्री राम सेंटर व कमानी सभागार में होगा।



# परमात्मा एक है, यह निराकार ज्योतिस्वरूप है और सर्व आत्माओं के परमपिता और परमधाम निवासी हैं : बीके संगीता

- प्रजापति ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय नूंह में हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया शिवरात्रि का पर्व।

**नरेश गर्ग, गुड़गांव टुडे**





प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नूंह में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथियों का सम्मान करती ब्रह्मकुमारी पुष्पा। नूंह शहर में शोभा यात्रा निकालते हुए।

**फिरोजपुर झिरका।** प्रजापति ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय नूंह में शिवरात्रि का पर्व बड़े की धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नूंह शहर में शोभायात्रा भी निकाली गई।

इस अवसर पर ओम शांति केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि ब्रह्मकुमारी संगीता(बल्लभगढ़) ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सर्वमान्य है कि परमात्मा एक है, वह निराकार ज्योतिस्वरूप है, सर्व आत्माओं के परमपिता और परमधाम निवासी हैं। भारत भूमि की परमात्मा की अवतरण भूमि है। जहां अमरनाथ, सोमनाथ, विश्वनाथ, रामेश्वरम, महाकाल आदि अनेक कर्तव्यवाचक नामों से परमात्मा की प्रतिमा शिवलिंग के रूप में स्थापित है।

उन्होंने कहा पापकटेश्वर परमात्मा शिव प्रजापति ब्रह्मा के भाग्यशाली शरीर रूपी रथ में अवतरित हो सहज राजयोग की विधि सिखलाकर पतित दुखी मनुष्यात्माओं को काम, क्रोध, लोभ आदि विकारों से मुक्त करा, भारत को हर पांच हजार पर्ष के पश्चात पुन: पावन सतयुगी देवभूमि बनाते हैं। शिवरात्रि का महान पावन पर्व वास्तव में विश्वनाथ शिव परमात्मा द्वारा विश्व परिवर्तन के इसी कल्याणकारी कर्तव्य का स्मृति दिवस है। शहर में निकाली गई शोभायात्रा का शहर के लोगों ने भव्य स्वागत किया।

प्रजापति ब्रह्मकुमारीज ईश्वारीय विश्वविद्यालय नूंह जिला संचालिका ब्रह्मकुमारी पुष्पा ने आगुंतक सभी मेहमानों का स्वागत एवं स्मृति चिंह भेंटकर सम्मान किया।

इस अवसर पर नगरपरिष नूंह के चेयरमैन संजय मनोचा, पूर्व चेयरपर्सन सीमा सिंगला के पति विष्णु सिंगला, अशोक गोयल, वेद प्रकाश, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से श्याम सुंदर, ब्रह्मकुमारी पुष्पा सहित काफी व्यक्ति मौजूद रहे।

# लाखों शिवभक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है फिरोजपुर झिरका का ऐतिहासिक शिवमंदिर

- अज्ञात वास के दौरान पांडवों ने अरावली पहाड़ों में की थी शिवलिंग की स्थापना।
- प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण अरावली की वादियों में बना हुआ है शिवमंदिर।

**नरेश गर्ग, गुड़गांव टुडे**







तिजारा रोड पर अरावली की वादियों में स्थित पांड़वकालीन शिवमंदिर। शिवमंदिर पर लगी महादेव की प्रतिमा।

**फिरोजपुर झिरका।** फिरोजपुर झिरका से मात्र 5 किलोमीटर की दूरी पर तिजारा रोड पर प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण अरावली की वादियों में बना पांड़वकालीन शिवमंदिर देश के कई प्रदेशों के लाखों शिवभक्तों की आस्था का केंद्र बना हु है। यह शिवमंदिर इतिहास एवं आस्था दोनों से जुड़ा हुआ है। ऊंची पहाडियों के बीच स्थित देवों के देव महादेव का विशाल मंदिर न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है बल्कि आसपास का प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर दृश्य मन मस्तिष्क को असीम शांति भी देता है। यूं तो हजारो लोग भगवान शिव के दर्शनों के लिये आते हैं। लेकिन वर्ष में दो बार आने वाले महाशिवरात्रि और नवरात्रों के पर्व के दौरान यहां भक्तों की भारी भीड उमड़ती है।

किवदंती है कि अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने यहां के उत्तर – पश्चिम मे स्थित यहां के रमणीक स्थल पर कु छ समय व्यतीत किया था, और पवित्र शिव लिंग की स्थापना कर पूजा अर्चना की थी। देश की राजधानी दिल्ली से मात्र 110 किलो मीटर की दूरी पर फिरोजपुर झिरका की अरावली पर्वतमाला में यह पांड़वकालीन शिवमंदिर स्थित है।

लोगों के अनुसार 1876 मे तत्कालीन तहसीलदार जीवन लाल शर्मा को स्वप्र में यह शिवलिंग दिखाई दिया था। दुर्गम रास्तों से होते हुए वे इस शिवलिंग तक पहुंच गये और पूजा अर्चना शुरू कर दी।

मंदिर के विकास के लिए बाद में शिवमंदिर विका समिति का गठन किया गया। जिसके बाद जहां एक ओर मंदिर का विस्तार हुआ वहीं दूसरी ओर श्रद्वालुओं का तांता लगना शुरू हो गया।

महाशिवरात्रि एवं नवरात्रों पर्व पर मंदिर पर लगने वाले विशाल मेंलो मे दिल्ली, राजस्थान, उतर प्रदेश, हरियाणा के लाखों शिव भक्त शामिल होकर अपने आराध्य ईष्ट देव महादेव का जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना करते हैं। शिवभक्तों का मानना है कि यहां पूजा अर्चना करने से उनकी महादेव से मांगी गई मन्नत पूरी होती है। अरावली की वादियों की तलहटी में कल-कल कर बहता झरना एवं सर्प के आकार की घुमावदार सडकें बहुत ही बेहतरीन नजारा पेश करती हैं।

जब भी किसी महिला को पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है वह यहा पवित्र शिव लिंग पर जेघड़ चढ़ाती है। वैसे इस एतिहासिक शिव मंदिर पर देश के कई केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कई मख्यमंत्रियों एवं अन्य प्रदेशों के कई नेता आ चुके हैं। मंदिर की महत्ता एवं लोगों की आस्था को देखते हुए हरियाणा के दिवंगत मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल ने 1966 मे शिवमंदिर पर मात्र एक दिन मे बिजली पहुचाई थी।

### इस तरह से पहुंचे पांडव कालीन शिवमंदिर पर

यह ऐतिहासिक धार्मिक स्थल दिल्ली से यह 110 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहा तक पहुंचने के लिये दिल्ली से अलवर वाया फिरोजपुर झिरका होकर बस द्वारा आ सकते है। वहीं भिवाड़ी से तिजारा होकर भी इस मंदिर पर पहुंचा जा सकता है।

# गौतस्करों के चंगुल से बचाए दस गौवंश

- सभी गौतस्कर मौके से हुए फरार, पांच गौतस्करों के खिलाफ किया मामला दर्ज।
- गौतस्कर टाटा 407 में गौवंश को भरकर वध के लिए राजस्थान ले जा रहे थे।

**नरेश गर्ग, गुड़गांव टुडे**

**फिरोजपुर झिरका।** एंटी सीएस स्टाफ फिरोजपुर झिरका ने गौतस्करों पर दबिश देकर उनके चंगुल से दस गौवंश को बचाने के साथ-साथ एक टाटा 407 गाड़ी को भी पकड़ा है। पुलिस को देखकर सभी गौतस्कर इस गौवंश से भरी गाड़ी को छोड़कर भाग गए। पुलिस ने गौतस्करों से बचाए गौवंश को तिजारा रोड पर स्थित मेवात क्षेत्र गौशाला में भेजने के साथ-साथ पांच गौतस्करों के खिलाफ हरियाणा गोसरंक्षण एवं संवर्धन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एंटी सीएस स्टाफ प्रभारी वीरेंद्र सिंह को 14 फरवरी मंगलवार की शाम को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ गौतस्कर एक टाटा 407 गाड़ी में गौवंश को भरकर वध करने के लिए अगोन गांव के रास्ते से राजस्थान ले जा रहे हैं। उन्होंने पुलिस की टीम के साथ अगोन गांव में नाका लगा दिया। पुलिस को देखकर सभी गोतस्कर वहां पर गौवंश से भरे टाटा 407 को छोड़कर भाग गए।

पुलिस ने हासिम एवं शरीफ निवासियान जीराहेड़ा थाना जुरहैड़ा, राजस्थान, इरफान पुत्र मुहर खां निवासी चिड़वा थाना रामगढ़ जिला अलवर, कालू पुत्र सुलेमान निवासी उटावड़ एवं तसलीम उर्फ बांड़ा पुत्र मजीद निवासी उमरा थाना नगीना के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

एंटी सीएस स्टाफ प्रभारी वीरेंद्र सिंह का कहना है कि गौतस्करों से दस गौवंश से भरी कैं टर पकडक़र पांच गौतस्करों के खिलाफ मामला दर्जकर लिया है। इस मामले के सभी आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

## बादली कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आज

**कपिल शर्मा, गुड़गांव टुडे/बादली।** चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय बादली में 22 वी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आज से शुरू होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10:00 बजे मुख्य अतिथि एचसीएस बादली विशाल कुमार उप मंडल अधिकारी करेंगे। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए प्राचार्य आनंद कादयान ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 22वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज खेल प्रांगण में करवाया जाएगा। जिसमें अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन कालेज कमेटी द्वारा करवाया जाएगा। खेलकूद प्रतियोगिता में कॉलेज के छात्र छात्राएं बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

# केन्द्रीय विद्यालय के लिए कवायद हुई तेज

**अंतराम खटाना, गुड़गांव टुडे**



**नूंह।** जिले में केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए उपायुक्त अजय कुमार ने विद्यालय के लिए भूमि तलाशने के लिए बुधवार को गांव सालाहेडी, चिलावाली गांव का निरीक्षण किया । विद्यालय के लिए भूमि के निरीक्षण करने के लिए वह गांव चिलवाली में बने कस्तूरबा बाल विद्यालय की बिल्डिंग का निरिक्षण करने पहुंचे जहां पर कस्तूरबा गांधी विद्यालय के लिए तीन साल पहले बनाई गई भवन का निरीक्षण किया जो वर्तमान में प्रयोग में नहीं है। मौके पर पंचायती विभाग के एसडीओ ने कहा कि यह बिल्डिंग अभी पंचायती राज के पास ही है जल्दी इसको शिक्षा विभाग के नियंत्रण में दे दिया जाएगा।

वही इसके बाद उपायुक्त अजय कुमार ने सालाहेड़ी गांव में राजकीय महिला महाविद्यालय के पास पड़ी 10 एकड़ जमीन का भी निरिक्षण किया कि जो पहले से केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए प्रस्तावित है, उन्होंने अधिकारियों से बातचीत की और जो भी जरूरी कार्रवाई होनी है, उसको करने के लिए निर्देश दिए । जल्द ही उपायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों की मीटिंग करके इसके संबंध में उचित फैसला लिया जाएगा ताकि केंद्रीय विद्यालय को खोलने की फाइल को पूरी तरह से मंजूर करके भूमि की उपलब्धता को देखकर कर इसका कार्यक्रम शुरू किया जाए । जब तक बिल्डिंग पूरी नहीं होती तब तक किसी अन्य सरकारी विद्यालय या शिक्षा विभाग की किसी अन्य बिल्डिंग का उपयोग किया जा सके। इस मौके पर उनके साथ जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार यादव, नूंह बीईओ अब्दुल मजीद, पंचायतीराज से एसडीओ, शमीम अहमद, जेई वसीम अकरम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे ।

## चिनार चहल होंगी फिरोजपुर झिरका की नई एसडीएम, रणबीर सिंह का हुआ तबादला

**नरेश गर्ग, गुड़गांव टुडे**



**फिरोजपुर झिरका।** चिनार चहल एचसीएस फिरोजपुर झिरका की नई एसडीएम होंगी। एसडीएम रणबीर सिंह का तबादला होड़ल होने के साथ ही चिनार चहल को फिरोजपुर झिरका का एसडीएम लगाया गया है।

बुधवार 15 फरवरी को प्रदेश सरकार ने कुछ आईएएस एवं एचसीएस अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। इनमें फिरोजपुर झिरका के एसडीएम रणबीर सिंह को होड़ल का एसडीएम तथा होड़ल की एसडीएम चिनार चहल को फिरोजपुर झिरका का एसडीएम लगाया गया है। बता दें चिनार चहल वर्ष 2016 बैच की एसचीएस अधिकारी हैं।

# वार्ड 10 में सीवर जाम की समस्या का शीघ्र होगा स्थाई समाधान

- समस्या को लेकर पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी ने सौंपा विधायक सुधीर सिंगला को मांग पत्र, विधायक ने जेई को तत्काल भेजा मौके पर।

**गुड़गांव टुडे, गुरुग्राम**



वार्ड 10 के पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी और पार्षद शीतल बागड़ी ने वार्ड 10 में सीवर जाम की समस्या के तत्काल समाधान के लिए गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला को मांग पत्र सौंपा। मंगत राम बागड़ी ने मांग पत्र सौंपने के साथ विधायक सुधीर सिंगला को बताया कि रेलवे रोड से गुजरने वाली मुख्य सीवर लाइन के ब्लॉक होने से वार्ड 10 की गलियों में अचानक सीवर जाम की समस्या उत्पन्न हो गई है। इसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्य सीवर लाइन के निर्माण के लिए नगर निगम द्वारा टेंडर जारी कर दिया गया है लेकिन निर्माण में लंबा समय लग जाएगा इसलिए तत्काल प्रभाव से सीवर जाम की समस्या के समाधान के लिए जहां से मुख्य सीवर लाइन ब्लॉक है वहां से किसी ने किसी माध्यम से सीवर के पानी की बूस्टिंग की जाए ताकि तत्काल लोगों को राहत मिले। विधायक सुधीर सिंगला ने इसके लिए नगर निगम के अधिकारियों से बात कर जूनियर इंजीनियर को मौके पर भेजा। निगम के जेई ने इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था शीघ्र करने का आश्वासन दिया। मंगत राम बागड़ी ने बताया कि इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए हम लंबे समय से प्रयास कर रहे हैं। समस्या उत्पन्न होते ही हमने गुरुग्राम के लोकप्रिय विधायक सुधीर सिंगला से इसके समाधान के लिए निवेदन किया। विधायक श्रद्धेय सुधीर सिंगला ने मौके पर ही नगर निगम के अधिकारियों से बात की। इसके बाद हमने भी नगर निगम के अधिकारियों से संपर्क स्थापित किया। नगर निगम के माध्यम से कई अत्याधुनिक मशीनें मौके पर लाकर ब्लॉकेज का पता लगाने का प्रयास किया गया। कुछ ही दिनों के अंतराल में नगर निगम और जीएमडीए की अत्याधुनिक मशीनें तीन बार आईं और ब्लॉकेज का पता लगाने का प्रयास किया गया लेकिन कामयाबी नहीं मिली। मुख्य सीवर लाइन के ब्लॉकेज को पता लगाने के लिए जब जब मास्टर लाइन के ढक्कन खुलवाए गए तो तीनों बार विधायक सुधीर सुधीर सिंगला के पीए आरपी सिंह और पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया मौके पर मौजूद रहे। इसके बाद अधिकारियों ने रेलवे रोड पर अपना एनक्लेव के पास मुख्य सीवर लाइन को बदलने की योजना निर्धारित की और इसके तहत टेंडर लगाया गया है। मंगत राम बागड़ी ने कहा कि वैकल्पिक व्यवस्था होने के बाद शीघ्र ही सीवर जाम की समस्या समाप्त हो जाएगी और मुख्य सीवर लाइन का निर्माण होने के बाद इस समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा। मंगत राम बागड़ी ने वार्ड के नागरिकों से आग्रह किया कि वार्ड में किसी भी नागरिक को किसी तरह की समस्या हो तो तत्काल मुझे सूचना दें हम समाधान कराने के लिए सदैव तत्पर हैं। बागड़ी ने कहा कि नगर निगम चुनाव को देखते हुए कुछ ऐसे लोग भी वार्ड में अनैतिक राजनीति कर रहे हैं जिनका विकास से कोई लेना देना नहीं है।

## अवैध शराब के साथ गाड़ी सहित दबोचा

**आदर्श गर्ग, गुड़गांव टुडे/तावडू।** सदर थाना पुलिस अपराधों की रोकथाम हेतु बेरी मोड़ पर थी कि गुप्तचर खास ने सूचना दी कि 1 व्यक्ति अवैध शराब बेचने के कार्य में संलिप्त है जो आज भी हसनपुर की ओर से गाड़ी एच आर 96 ए 9925 अवैध शराब लेकर आएगा यदि तुरंत नाकाबंदी कर दबिश दी जाए तो मय अवैध शराब के काबू किया जा सकता है। पुलिस ने अभी नाकाबंदी प्रारम्भ ही की थी कि हसनपुर की ओर से 1 गाड़ी आती हुई दिखाई दी। गाड़ी चालक ने सामने पुलिस पार्टी को देख कर वापिस मोडने् का प्रयास किया लेकिन चौकस खड़ी पुलिस ने गाड़ी चालक को मय गाड़ी के वहीं धर दबौचा।गाड़ी का नम्बर देखा तो एच आर 96 ए 9925 अंकित था। नामपता पूछने पर गाड़ी चालक ने अपना नाम गुलाब पुत्र राजेन्द्र निवासी मौहम्मदपुर अहीर बताया। पुलिस ने गाड़ी की जांच की तो 5 पेटी अवैक्ध शराब जिस में 2 पेटी अंग्रेजी शराब 1 पेटी अद्धा देशी शराब 2 पेटी बीयर की बरामद हुई। पुलिस ने शराब अधिनियम के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई प्रारम्भ कर दी है।

# 17 फरवरी को नारनौल पंचायत भवन में दिव्यांगजनों के लिए खुले दरबार का आयोजन

- हरियाणा के दिव्यांग कमिश्नर राज कुमार मक्कड़ सुनेंगे दिव्यांगों की समस्याएं।
- समाज कल्याण अधिकारी ने दिव्यांगों से खुला दरबार में पहुंचकर समस्या का समाधान करवाने का किया आह्वान।

**सुरेंद्र चौधरी, गुड़गांव टुडे**

**नारनौल।** आगामी 17 फरवरी को स्थानीय पंचायत भवन में दिव्यांगजनों के लिए खुला दरबार का आयोजन किया जाएगा। इसमें हरियाणा के दिव्यांग कमिश्नर राज कुमार मक्कड़ दिव्यांगों की समस्याएं सुनेंगे। उक्त जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि 17 फरवरी को हरियाणा के दिव्यांग कमिश्नर राज कुमार मक्कड़ जिला में विभिन्न स्थानों पर दिव्यांगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनेंगे। उन्होंने बताया कि स्थानीय पंचायत भवन में दोपहर 1 बजे दिव्यांगजनों के लिए खुला दरबार में दिव्यांगजनों की शिकायत सुनेंगे व प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। खुला दरबार में दिव्यांगों की समस्याओं के समाधान के लिए स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग, जिला उद्योग केंद्र व अन्य विभागों के अधिकारी भी दिव्यांगों की समस्याओं के समाधान के लिए खुला दरबार में मौजूद रहेंगे। उन्होंने जिला के दिव्यांगजनों से आह्वान किया कि वे खुला दरबार में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी शिकायतों का समाधान करवाएं। उन्होंने बताया कि हरियाणा के दिव्यांग कमिश्नर राजकुमार मक्कड़ 17 फरवरी को सुबह 11 बजे मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल धौलेड़ा में आयोजित दिव्यांगजन जागरूकता कैंप में मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत कर दिव्यांगजनों की शिकायतें सुनेंगे। इसके बाद स्थानीय पंचायत भवन में दोपहर 1 बजे दिव्यांगजनों के लिए खुला दरबार में दिव्यांगजनों की शिकायत सुनेंगे व प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद 17 फरवरी को ही दोपहर बाद 2.45 बजे रेडक्रॉस भवन में आयोजित जिला स्तरीय यूथ कैंप के समापन समारोह में शिरकत करेंगे।

# कॉलेज में यूथ रेड क्रॉस शिविर का आयोजन

**अंतराम खटाना, गुड़गांव टुडे**



सिविल सर्जन डा. सर्वजीत सिंह व रेडक्रॉस सचिव महेश गुप्ता राजकीय महिला महाविद्यालय, सलाहेड़ी में यूथ रेडक्रॉस शिविर का आयोजन अवसर पर सम्मानित करते हुए।

**नूंह।** उपायुक्त अजय कुमार के मार्गदर्शन में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी, नूंह एवं हरियाणा

राज्य शाखा चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में द्वारा बुधवार को राजकीय महिला महाविद्यालय, सलाहेड़ी में यूथ रेडक्रॉस शिविर का आयोजन किया गया। यह कैंप

20 फरवरी तक चलेगा तथा इस शिविर में विभिन्न कॉलेजों से आए हुए छात्र-छात्राओं को समाज केविभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी जाएगी।

यूथ रेडक्रॉस शिविर का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. सर्वजीत सिंह द्वारा किया गया एवं शिविर में विशिष्ट अतिथि तौर पर एसएमओ उपस्थित रहे। सिविल सर्जन ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी, नूंह द्वारा इस प्रकार के शिविर का आयोजन सराहनीय है। इससे युवा वर्ग में जनहित एवं समाज सेवा जागृत होती है व अच्छे नागरिक के गुण सीखने को मिलते हैं। सिविल सर्जन के द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी के सामाजिक कल्याणकारी कार्यों की प्रशंसा की तथा उपायुक्त अजय कुमार के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे कार्यों की सराहना की। एसएमओ ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी, नूंह द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अन्य कार्यों में भी सहयोग किया जाता है जैसे ब्लड डोनेशन कैंप, टीवी कैंप, ड्रग एब्यूज कैंप, बेटी बचाओ, स्वास्थ्य संबंधी कैंप इत्यादि कैंप के निदेशक महेश गुप्ता, सचिव रेडक्रॉस सोसायटी, नूंह ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का स्वागत सत्कार किया व बताया कि रेडक्रॉस सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डाला इस अवसर पर फर्स्ट एड संबंधी जानकारी हरेंद्र सिंह कुंडू, जिला प्रशिक्षण अधिकारी, नूंह द्वारा दी गई एवं ब्लड डोने के बारे में मीना कुमारी समाजसेवीका द्वारा छात्र छात्राओं को महत्व समझाया गया। प्रोफेसर मनविंदर, नोडल काउंसलर, रेडक्रॉस, प्रोफेसर रितेश, प्रोफेसर सरिता प्रोफेसर आबिद, प्रोफेसर नाजिर प्रोफेसर अशोक कटारिया राजकीय महिला महाविद्यालय, सलाहेड़ी, एवम प्रोफेसर डा. इरफान, यासीन मेव डिग्री कॉलेज, प्रोफेसर डा.प्रवीण, हरद्वारी लाल कॉलेज, तावडू, प्रोफेसर सकुंतला राजकीय महिला महाविद्यालय, नगीना, प्रोफेसर, कविता यादव, राजकीय महिला महाविद्यालय, पुन्हाना एवं प्रोफेसर मनीष कुमार, बिस्सर अकबरपुर एवम अन्य अध्यापकगण उपस्थित रहे।

प्रस्तुति : आयुषी श्रीवास्तव

परिचर्चा

# निगम चुनाव को लेकर सभी की अपनी-अपनी उम्मीदें

**गुरुग्राम, मानेसर और फरीदाबाद नगर निगम चुनाव की तैयारी में अब सभी राजनीतिक दल पूरे दमखम के साथ जुट गए हैं। समय-समय पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच बैठकों का दौर जारी है। जिसमें चुनाव की तैयारियों के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की जा रही है। चुनाव में प्रत्याशियों के नाम फाइनल किए जाने के संबंध में गहन विचार विमर्श करने के बाद ही किसी निर्णय पर पहुंचा जा रहा है। प्रत्याशियों के चयन के लिए सभी पार्टियां जोर शोर से लगी हैं। संभावित प्रत्याशियों की सूची तैयार कर पार्टी के शीर्ष नेताओं के समक्ष पेश किए जाने की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। गौरतलब है कि गुरुग्राम में नगर निगम के मेयर का चुनाव पहली बार सीधे मतदाता करेंगे। मौजूदा समय में राजनीतिक दलों का फोकस सिर्फ और सिर्फ निकाय चुनाव पर है। मतदाताओं के बीच जा कर जनसंपर्क करने में प्रत्याशी एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। सभी राजनीतिक दल जानते हैं कि उनके लिए निकाय चुनाव कितने महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इन्हीं से आगे के बड़े चुनावों की रूपरेखा तय होगी। इसी के साथ ही प्रत्याशियों के चयन से जुड़े हर पहलू पर गौर किया जा रहा है। मानेसर नगर निगम का पहली बार गठन किया गया है। अभी तक वहां चुनाव नहीं हुए हैं।**


### विकास के लिए भाजपा का साथ देगी जनता



भाजपा के लिए सभी चुनाव महत्वपूर्ण हैं। निकाय चुनाव के लिए भाजपा अच्छी तैयारियों के साथ आगे बढ़ रही है। हमारी पार्टी में सभी कार्यकर्ता मेहनती और कर्मठ हैं। शीर्ष नेतृत्व सोच समझ कर आगे के लिए कोई फैसला लेगा। मेयर और पार्षद के चुनाव में भाजपा को बहुमत हासिल होगा। निकाय चुनाव में भाजपा के लिए एकतरफा मुकाबला होगा। हरियाणा सरकार ने पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया और सबका साथ सबका विकास की नीति पर अमल करके दिखाया। अब तक जो भी सरकारें हरियाणा में रहीं किसी ने अपने कार्यों को इतनी पारदर्शिता के साथ अंजाम नहीं दिया। भाजपा की सरकार बनने के बाद हरियाणा में अभूतपूर्व और अकल्पनीय बदलाव आए हैं। इतने कम समय में हरियाणा विकास के शिखर पर पहुंच चुका है। इस विकास को आगे बढ़ाने के लिए निश्चित रूप से हरियाणा की जनता भाजपा का साथ देगी, इस बात का पूर्ण विश्वास है।

**तेजपाल तंवर, पूर्व विधायक व वरिष्ठ भाजपा नेता**

### पूरी सक्रियता के साथ चुनावी तैयारी में लगी है कांग्रेस



कोई भी चुनाव हो वह अपने आप में काफी महत्व रखता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव का अपना महत्व होता है। नगर निगम पर शहर की व्यवस्था को सुचारु रखने का पूरा जिम्मा होता है। इस नाते ये चुनाव काफी महत्वपूर्ण होते हैं। चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने गुरुग्राम, मानेसर व फरीदाबाद में कमेटियों का गठन कर दिया है। ऑब्जर्वर, को ऑब्जर्वर नियुक्त किए जा चुके हैं। पूरी सक्रियता के साथ कांग्रेस अपनी चुनावी तैयारियों को आगे बढ़ा रही है। हरियाणा सहित पूरे देश की राजनीति में जल्द कांग्रेस की वापसी होगी और फिर से जनता को कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों का लाभ मिलेगा।

**अशोक अरोड़ा, पूर्व विधायक व वरिष्ठ कांग्रेस नेता**


### जनता का भरोसा भाजपा के साथ

नगर निगम गुरुग्राम, मानेसर और फरीदाबाद के चुनावों के लिए भाजपा पूरी तरह तैयार है। गुरुग्राम में पहली बार मेयर का चुनाव सीधे जनता करेगी। इस व्यवस्था से चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। जनता अपनी पसंद के प्रतिनिधि को चुन कर आगे भेजेगी। उम्मीदवारों का चयन करना पार्टी पर निर्भर है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता कर्मठ है। शीर्ष नेतृत्व जिसे भी चुन कर आगे भेजेगा सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर उसका साथ देंगे। भाजपा एक संगठनात्मक पार्टी है। जनता का भरोसा भाजपा के साथ है। गुरुग्राम, फरीदाबाद, मानेसर व सिरसा का चुनाव भाजपा अवश्य जीतेगी।



**मनोज भारद्वाज, वरिष्ठ भाजपा नेता**

### जनहित से जुड़ा हर काम भाजपा के लिए महत्वपूर्ण



भाजपा के लिए हर चुनाव महत्वपूर्ण है। चाहे पार्षद का चुनाव हो या विधायक, सांसद का। भाजपा हमेशा चुनावी मोड में रहती है। भाजपा के लिए वह सभी काम महत्वपूर्ण है जो जनहित से जुड़ा हो। जितना लोगों से जुड़ेंगे, जनहित के काम करेंगे उतना ही हमारी पार्टी का विकास होगा और जनता का भी। आज देश में भले ही कई राजनीतिक दल सक्रिय हैं, लेकिन भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो हर वर्ग, हर क्षेत्र के लोगों का हित चाहती है। भाजपा सरकार की दूरगामी सोच की वजह से ही इस तरह के निर्णय सामने आ रहे हैं। भाजपा सरकार की कुशल नीतियों की वजह से ही देश के कोने-कोने में विकास नजर आ रहा है। जहां तक लोगों की सोच भी नहीं जा सकती थी ऐसे कार्य भी भारत में होते दिखने लगे। पिछली सरकारों के कार्यकाल में ना तो देश को कोई उपलब्धि हासिल हुई और ना ही जनहित के कोई काम हुए। आज हर वर्ग, हर तबके के लोग विकास महसूस कर रहे हैं।

**आरएस दहिया, वरिष्ठ भाजपा नेता व ऑल इंडिया जाट स्वाभिमान समिति के महासचिव**

### जनसेवक की भूमिका को सार्थक बनाने वाले प्रतिनिधि की जरूरत



लोकतंत्र में चुनावों का काफी ज्यादा महत्व होता है। चुनाव चाहे लोकसभा का हो, विधानसभा का या नगर निगम का, किसी न किसी रूप में ये जनता से जुड़े होते हैं। गुरुग्राम नगर निगम के चुनाव से शहरवासियों को काफी उम्मीदें हैं। शहर की बागडोर संभालने के लिए ऐसे प्रतिनिधि की आवश्यकता है जो योग्य हो और उसमें गुरुग्राम को विकास की राह पर बढ़ाने की इच्छा शक्ति हो। प्रतिनिधि ऐसा हो जो जीत के बाद अपने कामों का प्रभाव दिखा सके। जिस तरह चुनाव के समय वह जनसेवक की भूमिका को प्रदर्शित कर रहा है, जीत के बाद इस भूमिका को सार्थक करके दिखाए। ना कि सिर्फ अपने पद पर बने रहने के लिए बनाई बनाई व्यवस्था में खुद भी रंग जाए। आज गुरुग्राम का नाम विश्व पटल पर अंकित हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद शहर की मूलभूत व्यवस्था में काफी सुधार की जरूरत है। शहर की कमान ऐसे व्यक्ति के हाथ में होनी चाहिए जो शासन, प्रशासन के साथ तालमेल बना कर जनहित में काम करके दिखाए।

**डॉ. हितेंद्र आहूजा, मेडिकल डायरेक्टर आहूजा आई एंड डेंटल हॉस्पिटल**

### चुनाव का शहर व जनता पर नहीं पड़ेगा कोई प्रभाव



गुरुग्राम का निवासी होने के नाते नगर निगम चुनाव को लेकर अब कोई उम्मीद नहीं रह गई है। भोली भाली जनता को बेवकूफ बना कर मकसद पूरा करना नगर निगम के पार्षदों और अधिकारियों ने अपना टारगेट बना लिया है। लोकलुभावन घोषणाएं कर सत्ता हासिल करना और फिर जनता की समस्याओं से मुंह मोड़ लेना नेताओं की आदत बन चुकी है। निगम चुनाव के बाद यही होना है कि एक प्रॉपर्टी डीलर जाएंगे और दूसरे नए आ जाएंगे। शहर के विकास से जुड़ा कोई नया काम बीते दस वर्षों में नहीं हुआ। नगर निगम का चुनाव होने या ना होने से गुरुग्रामवासियों को अब कोई फर्क नहीं पड़ता। अब जनता को ही कुछ करना होगा। ईंट का जवाब पत्थर से देना होगा। यह जनता की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे सही और गलत का भेद करे।

**राकेश गुप्ता, डायरेक्टर कमला इंटरनेशनल स्कूल**

### निगम के अधीन लाई गई 16 कॉलोनियों में हों विकास कार्य



लोकतंत्र में चुनाव काफी ज्यादा महत्व रखते हैं। ऐसे समय में नेताओं द्वारा तरह-तरह के वादे किए जाते हैं। दुख की बात यह है कि आज के समय में ज्यादातर नेताओं और पार्टियों के वादे कोरे रह जाते हैं। यहां तक कि जो लोग नैतिकता की बात करते हैं वे भी सत्ता हासिल करने के बाद अपनी बातों से मुकर जाते हैं। अच्छा होगा राजनीतिक दलों द्वारा जो वादे चुनाव के समय किए जाते हैं उन्हें पूरा भी किया जाए। गुरुग्राम की जो 16 कॉलोनियां नगर निगम के अधीन लाई गई हैं उम्मीद है कि चुनाव के बाद इन क्षेत्रों में विकास कार्य आगे बढ़ाया जाए। गुरुग्रामवासियों की यह एक काफी बड़ी उम्मीद इस चुनाव से जुड़ी हुई है।

**जोगिंदर सिंह, संस्थापक अध्यक्ष सुशांत लोक फेज 2-3 आर डब्ल्यू ए**

## गुरुग्राम के पत्रकारों को प्रेस क्लब के लिए जल्द मिलेगा भवन


**गुड़गांव टुडे, गुरुग्राम**

निकट भविष्य में गुरुग्राम के पत्रकारों को प्रेस क्लब के लिए भवन मिल जाएगा। इसके लिए जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम व प्रशासनिक स्तर पर कार्य तेज गति से हो रहा है। यह जानकारी एसोसिएशन के प्रधान संजय यादव ने बुधवार को यहां सेक्टर-15 पार्ट-2 में एसोसिएशन के कार्यलय में एसोसिशन की बैठक में दी।

प्रधान संजय यादव ने कहा कि एसोसिएशन की ओर से पूर्व में यहां स्वर्ण जयंती पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष गुरुग्राम में प्रेस क्लब और पत्रकारों के लिए आवासीय सोसायटी बनाने की मांग रखी गई थी। जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रवैया अपनाते हुए इस पर मुहर लगाई थी। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया था कि वे इस पर विचार करें। इस दौरान वर्तमान में मुख्यमंत्री के ओएसडी जवाहर यादव, मुख्यमंत्री के मीडिया ओएसडी अमित आर्य समेत आला अधिकारी मौजूद थे। जिला उपायुक्त के माध्यम से एसोसिएशन ने इन दोनों कार्यों से संबंधित फाइल आगे बढ़ाई। अब सरकार और प्रशासन की ओर से इन विषयों पर कार्य को गति दी जा रही है। जल्द ही एसोसिएशन को प्रेस क्लब के लिए भवन मिल जाएगा। ग्रुप हाउसिंग सोसायटी के गठन की प्रक्रिया में बॉयलाज बनाने समेत अन्य कागजी कार्रवाई शुरू हो चुकी है। इसके लिए एक सीए भी अधिकृत किया जा चुका है। बैठक में महासचिव सोनू यादव, मयंक तिवारी, धर्मवीर शर्मा, दीपक आहुजा, बागीश झा, अभिषेक बहल, राजेश यादव, मोहित कुमार, राजकुमार चित्रा, संजय चौहान, जावेद अल्वी, प्रवीन कुमार समेत कई पत्रकार मौजूद रहे।

## भारत ने संसार को शून्य के साथ काल की गणनाएं भी दीं : स्वामी अवधेशानंद

- **गुरुग्राम में सात दिवसीय श्रीराम कथा का सातवां एवं अंतिम दिन।**
- **लेजरवैली मैदान पर आयोजित की गई साप्ताहिक श्रीराम कथा।**





**गुड़गांव टुडे, गुरुग्राम**

जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरी जी महाराज ने सात दिवसीय श्रीराम कथा के सातवें एवं अंतिम दिन कहा कि भारत ने संसार को काल की गणनाएं दी हैं। शून्य का बोध भारत ने कराया है, जो अनंतता तक ले जाता है। शून्य में विराटता है। राम कथा का आयोजन गुरुग्राम कल्चरल फाउंडेशन एवं प्रभु प्रेमी संघ की ओर से सेक्टर-29 मैदान पर कराया गया। सातवें दिन मुख्य अतिथि के रूप में भजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, पूर्व मंत्री रामविलास शर्मा, धारणा यादव, पूर्व डीजीपी एसएन वशिष्ठ की उपस्थिति रही। यजमान के रूप में संजीव अग्रवाल, मनोज गर्ग, सुमित सिंहल, मोहिंद्र लाहोरिया मौजूद रहे।

अपने प्रवचनों में महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी जी ने असतो मा सदगमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय, मृत्योर्मामृतं गमय की परिभाषा बताते हुए कहा कि हमारी प्रार्थना में आरंभिक शब्द यही आते हैं। जिनका अर्थ है-हे प्रभु, सत्य से असत्य की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर, मृत्यु से अमरता की ओर ले चलो। स्वामी जी ने कहा कि हम कभी नहीं मरते, देह मरती है। स्वामी जी ने आगे सुनाया कि-आदि कवि वाल्मीकि को ब्रह्मा ही माना गया है। रामायण में वाल्मीकि देखने में वाल्मीकि है, अन्यथा वे सवयं में ब्रहमा है। रामायण के रचयिता, जिसने राम का परिचय पूरे विश्व से कराया, जिससे राम परिचित हुए, वह अव्य हैं। भगवत्ता जिससे परिचित हुई है, वह आदि कवि ब्रह्मा ही हैं।

स्वामी अधवेशानंद जी ने प्रवचनों में आगे कहा कि जब तक परम्परा का बोध, संस्कार नहीं होंगे, आप झुक नहीं सकते। विनय हमारे भीतर होना चाहिए। विनय से देव प्रसन्न होते हैं। स्वामी जी ने कहा कि भरत महात्मा है। महात्माओं का स्वभाव ऐसा ही होता है। महात्मा अपने धर्म का निर्वहन करते हैं। भरत का धर्म यही है कि उनके आचरण से कोई व्यथित ना हो। व्रत के बारे में जानकारी देते हुए स्वामी जी ने कहा कि कठोर नियम, व्रत रखने वाले साधुओं, सन्यायियों का यह स्वप्न होता है कि उन्हें पादुका मंत्र मिल जाए। यह अंतिम मंत्र है। लाखों में से किसी एक को यह मिल पाता है।

महामंडलेश्वर अवधेशानंद जी महाराज ने कहा कि राम की लीलाएं विशेष हैं। राम अपने प्रयोजन की पूर्ति, अपने होने के अर्थों को प्रकाशित करने के लिए तत्पर हैं। ऐसे तत्पर होना ही कर्तव्यनिष्ठा है। अपने होने को सिद्ध करना ही कर्तव्यनिष्ठा है। अपनी उपयोगिता, उत्पादकता को सार्थक करना भी चाहिए।

जब तक आप सिद्ध नहीं करते, आपकी सार्थकता, आपके प्रयोजन सिद्ध नहीं होते। जब तक ऐसा नहीं होता, तब तक कैसे मानें की जीवन धन्य हुआ, जीवन का उपयोग हुआ। उन्होंने गुरुओं की महिमा का बखान करते हुए कहा कि गुरु कभी चेले नहीं बनाते। जैसे ही शेर के बच्चे भेड़ पैदा नहीं होते, शेर ही पैदा होते हैं। ऐसे ही गुरु तो गुरु ही बनाते हैं। महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद ने कहा कि पूरे रामायण काल में श्रीराम ने सीता जी को एक ही बार ही निर्देशित किया। माता अनसुइया से मुलाकात से पूर्व उन्होंने सीता माता को निर्देशित किया। ऐसा करके श्रीराम को कष्ट भी हुआ कि वे ऐसा कर रहे हैं।

## भावी पीढ़ी को शिक्षा, संस्कार, सुविचारों से पोषित करना हमारी जिम्मेदारी : बोधराज सीकरी

- **भगवती विद्या मंदिर में बोधराज सीकरी ने बच्चों को बांटा ज्ञान।**
- **बोले, माता-पिता की पूजा कर 14 फरवरी को मनाया जाए मातृ-पितृ दिवस।**





**गुड़गांव टुडे, गुरुग्राम**

हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं सामाजिक चिंतक बोधराज बोधराज सीकरी ने बच्चों को श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेकर एक अच्छा इंसान बनने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि माता-पिता से बड़ा कोई नहीं है। उन्होंने अपने वक्तव्य में संस्कारों और चरित्र निर्माण पर बल दिया। यह बात उन्होंने मदनपुरी स्थित भगवती विद्या मंदिर स्कूल में 14 फरवरी को माता-पिता पूजन दिवस मनाने के दौरान कही। साथ ही कहा कि हर साल इस तारीख पर माता-पिता दिवस मनाकर शिक्षण संस्थान बच्चों में अच्छे संस्कारों का समावेश करें।

उन्होंने कहा कि योग्यता में, धन में, पूजा अर्चना में, ताकत में, आयु में रावण राम से आगे था, परन्तु हार फिर भी रावण की हुई। क्योंकि राम चरित्रवान थे। रावण ने पर स्त्री का अपहरण किया और राम ने मंदोदरी को मां कहकर पुकारा। बोधराज सीकरी के अनुसार यदि वैलेंटाइन डे प्रेम का दिन है तो प्रेम एक ही दिन क्यों। प्रेम तो रोज-रोज करना चाहिए। आज के दिन को बलिदान दिवस या काला दिन के रूप में मनाना चाहिये, जिस दिन 44 वीर सिपाही शहीद हुए थे।

प्रभारी मंजू शर्मा ने कहा कि माता-पिता का सम्मान करें, यही वैलेंटाइन है।

ज्योत्सना बजाज ने भी कहा कि बच्चों को अपने माता-पिता का सम्मान करना ही उनका असली पूजन है। स्कूल इंचार्ज ऊष्मा सचदेवा ने और श्रवण आहूजा प्रधान मैनेजमेंट ने मिलकर सभी अतिथियों का स्वागत-अभिनंदन करते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

प्रधान श्रवण आहूजा ने अतिथियों को माला पहनाकर, स्मृति चिन्ह तथा पौधा भेंट कर सम्मानित किया। भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार करते हुए पूजन कार्यक्रम मुन्ना, सुनीता, भारती, ममता तथा ऋतु ने संपन्न करवाया। इस कार्यक्रम में 30 बच्चों की माताओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर ज्योति, आशा, दिव्या, सारिका, आशा, मीनाक्षी, ज्योति, बबीता के साथ धर्मेंद्र बजाज, समाजसेविका ज्योत्सना, मंजू शर्मा प्रभारी, महिला पतंजलि योग समिति गुरुग्राम से योग शिक्षिका अजंता जैन, उमेश ग्रोवर कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## फेक नैरेटिव का डटकर मुकाबला करें आईआईएस अधिकारी : उपराष्ट्रपति

- **भारतीय सूचना सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से मिले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़।**



**गुड़गांव टुडे, नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने बुधवार को उप-राष्ट्रपति निवास में भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात की और उनसे 'लोकतंत्र और राष्ट्रीयता के वास्तविक रक्षक' बनने को कहा। श्री धनखड़ ने कोविड-19 महामारी के दौरान भ्रामक सूचनाओं से लड़ने और वैक्सीन के बारे में झिझक को दूर करने में आईआईएस अधिकारियों की भूमिका की प्रशंसा भी की। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि वर्तमान समय में चीजें पल भर में वायरल हो जाती हैं, इसलिए आपको हमेशा सावधान और सतर्क रहने की जरुरत है।

इस अवसर पर उपराष्ट्रपति के सचिव सुनील कुमार गुप्ता, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा, संयुक्त सचिव संजीव शंकर, भारतीय जन संचार संस्थान के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी, अपर महानिदेशक श्री आशीष गोयल, डॉ. रिंकू पेगू, 2020, 2021 और 2022 बैच के प्रशिक्षु आईआईएस अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

धनखड़ ने आईआईएस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की उपलब्धियों को जनता के सामने लाने में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकारी सूचना तंत्र के माध्यम से लोगों तक भारत के विकास की कहानी पहुंचाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारा देश आज तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन हमारे खिलाफ लगातार गलत सूचनाओं का प्रसार किया जा रहा है। यह हम पर हमला करने का एक नया तरीका है। हमें इसके खिलाफ सतर्क रहना होगा और पूरी ताकत के साथ इसे बेअसर करना होगा।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत को दुनिया में अवसर और निवेश की भूमि के रूप में जाना जाता है, लेकिन अगर हमारा सूचना तंत्र मजबूत नहीं है, तो ये सब गड़बड़ हो सकता है। भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि सूचनाओं को जांचने के आधुनिक तरीकों का प्रयोग करें और फेक नैरेटिव को फैलने से रोकें।

भारतीय सूचना सेवा के सदस्य भारत सरकार के मीडिया प्रबंधकों के रूप में काम करते हैं। आईआईएस अधिकारी, अपनी विभिन्न प्रकार की क्षमताओं के साथ, सरकार और देश के नागरिकों के बीच सूचनाओं के प्रसार और विभिन्न सरकारी नीतियों और योजनाओं को बड़े पैमाने पर जनता तक पहुंचाने की दृष्टि से संचार की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं।

## भूपेंद्र सिंह हुड्डा को अस्पताल से मिली छुट्टी, अब पूरी तरह स्वस्थ

**गुड़गांव टुडे, चंडीगढ़**

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा को आज अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। उनकी सारी जांच रिपोर्ट सामान्य है। ज्ञात हो कि चंडीगढ़ में मंगलवार को तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जिसके बाद विशेषज्ञ चिकित्सकों का एक दल उनका इलाज कर रहा था। देश-प्रदेश से लोग उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे थे।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने प्रदेश की जनता और तमाम शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि वह अब पहले से बेहतर महसूस कर रहे हैं। उनका इलाज करने वाले डॉक्टरों ने उन्हें कुछ दिन आराम करने की सलाह दी है। हुड्डा ने कहा कि वो जल्द ही पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर लोगों के बीच उपस्थित होंगे।